

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,रविवार 02 मार्च 2025 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-331 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### भाजपा ने कांग्रेस को हिंदी सुधारने की दी नसीहत

**बैज ने कहा- पहले अपने गिरेबां में झांक लें**

**रायपुर,2 मार्च।** प्रदेश में ED की कार्रवाई समेत अन्य मुद्दों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक टकराव जारी है. लेकिन इस बार बहस का मुद्दा कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि हिंदी की वर्तनी को लेकर है. सोशल मीडिया पर भाजपा ने कांग्रेस की एक पोस्ट में गलती निकालते हुए तंज कसा, तो कांग्रेस ने भी इसपर हमला बोला है. भाजपा ने X पर कांग्रेस पर तंज कसते हुए लिखा, प्रिय INC छत्तीसगढ़, एक पढ़ा-लिखा एक्स हैंडलर रखिये, जो कम से कम हिंदी सही सही लिख पढ़ ले, सही शब्द 'कवयित्री' है, 'कवियित्री' नहीं. भाजपा के इस कटाक्ष पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को ऐसा लगता है कि सबसे ज्यादा बुद्धिमान वही हैं, पूरे देश में और कोई नहीं. पहले अपने आप को झांक लें. अगर खुद को बुद्धिमान समझते हैं तो बधाई. लोगों के विकास और देश के आर्थिक विकास में कांग्रेस का जितना योगदान है, उतना भाजपा का नहीं.




### बजट 3 को

**रायपुर,2 मार्च।** छत्तीसगढ़ सरकार का वार्षिक बजट 3 मार्च को विधानसभा में पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी बजट प्रस्तुत करेंगे। सबकी निगाहें बजट पर लगी हुई हैं। साय सरकार का यह दूसरा बजट है।

### मशहूर पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा घायल

**मुंबई,2 मार्च।** मशहूर पंजाबी सिंगर और एक्टर गुरु रंधावा के फैंस के लिए एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। अपनी आने वाली पंजाबी फिल्म 'शौंकी सरदार' की शूटिंग के दौरान एक एक्शन सीक्वेंस करते हुए वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्होंने खुद अपनी एक तस्वीर शेयर की है। मेरा पहला स्टंट, मेरी पहली चोट, लेकिन मेरा हौसला बरकरार है। 'शौंकी सरदार' फिल्म के सेट से एक याद मिल गई। बहुत मुश्किल हैज् लेकिन अपने दर्शकों के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। फोटो में वह अस्पताल के बिस्तर पर सर्वाइकल कॉलर पहने हुए दिख रहे हैं, उनके सिर और गले में गंभीर चोटें आई हैं। बावजूद इसके, वह मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। गुरु रंधावा की इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्स की प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने लिखा - क्या हुआ, सिंगर मीका सिंह ने कहा - गेट वेल सून भाई। ओरी ने कमेंट किया - ओ नो, जल्दी ठीक हो जाओ मेरे भाई। साथ ही फैंस भी कमेंट सेक्शन में सिंगर के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

# मणिपुर के सभी रास्ते खोले जाएं नशे का नेटवर्क करें ध्वस्त : शाह

**नई दिल्ली,2 मार्च।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में मणिपुर में सुरक्षा स्थिति पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि 8 मार्च 2025 से मणिपुर के सभी मार्गों पर जनता की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाए और बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री ने रंगदारी के सभी मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आगे निर्देश दिया कि मणिपुर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निर्दिष्ट प्रवेश बिंदुओं के दोनों ओर बाड़ लगाने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि मणिपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाना चाहिए।



मणिपुर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निर्धारित प्रवेश बिंदुओं के दोनों ओर बाड़ लगाने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया कि मणिपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए नशीली दवाओं के व्यापार में शामिल पूरे नेटवर्क को नष्ट किया जाना चाहिए। बैठक नॉर्थ एवेन्यू में सुबह 11 बजे शुरू हुई। राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह पहली ऐसी उच्च स्तरीय बैठक थी, जो मई 2023 से जातीय संघर्ष से जूझ रहा है। सूत्रों ने कहा कि यह बैठक अशांत राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने और विभिन्न समूहों द्वारा रखे गए अवैध और लूटे गए हथियारों को आत्मसमर्पण करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आयोजित की गई थी। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। राज्य में समग्र कानून और व्यवस्था की स्थिति पर एक विस्तृत जानकारी दी गई। सूत्रों ने कहा कि बैठक का ध्यान मई 2023 से पहले के स्तर को सामान्य स्थिति में वापस लाने और विभिन्न समूहों द्वारा रखे गए अवैध और लूटे गए हथियारों के आत्मसमर्पण पर था।

# महिला के पेट में 10 करोड़ की कोकीन,बंदी



**मुंबई,2 मार्च।** छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारी उस समय हतप्रभ हो गए, जब महिला के पेट में एक या दो नहीं बल्कि 10 करोड़ की कोकीन मिली। महिला ब्राजील के साओ पाउलो से कोकीन की तस्करी करने की कोशिश कर रही थी। इसके बाद डीआरआई के अधिकारियों ने मुंबई एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। महिला कोकीन से भरे करीब 100 कैप्सूल निगलकर भारत आई थी। महिला ने कोकीन की तस्करी की बात स्वीकार कर ली है। दरअसल महिला अपने अंदर साढ़े 10 करोड़ की कोकीन छिपाकर तस्करी कर ब्राजील से मुंबई ला रही थी। हालांकि तस्कर महिला को मुंबई एयरपोर्ट पर ही पकड़ लिया गयाष राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने उस ब्राज़ीलियाई महिला को साओ पाउलो से भारत में ड्रग्स की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला ने खुद भी स्वीकार किया कि उसने कोकीन से भरे कैप्सूल्स निगले थे। इसके बाद उसे तुरंत एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने 100 कैप्सूल्स बाहर निकाले। इनमें कुल 1,096 ग्राम कोकीन थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमत लगभग 10.96 करोड़ आंकी गई है। यानी 10 करोड़ की कीमत के कोकीन की तस्करी की कोशिश महिला ने की। फिलहाल इस मामले में आगे की जांच जारी है। तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।




# चमोली की बर्फीली तबाही में अब तक 7 लोगों की मौत

**चमोली,2 मार्च।** उत्तराखंड के चमोली में आई बर्फीली तबाही के तीन दिन बाद अब भी एक मजदूर कई फुट बर्फ के नीचे दबे हुआ है। रविवार सुबह खोजी कुत्तों और हेलीकॉप्टरों की मदद से शुरू किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में तीन लोगों के शव ढूंढ निकाले गए हैं जबकि एक की तलाश जारी है। इसी के साथ इस हादसे में मरने वालों की संख्या 7 हो गई है। बदरीनाथ के पास माणा गांव में शुक्रवार को एवलांच आने से करीब 54 मजदूर बर्फ के नीचे दब गए थे। एक अन्य मजदूर पहले ही घर जा चुका था जिसकी वजह से वह एवलांच की चपेट में आने से बच गया। उधर शनिवार तक कुल 50 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया जिनमें से चार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं आज अन्य दो लोगों के शव बरामद होने के बाद मरने वालों की संख्या कुल 6 हो गई है, वहीं अन्य दो की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक भारतीय वायु सेना के Mi-17, चीता हेलीकॉप्टर बचाव कार्यों के लिए तैनात किए गए हैं। भारतीय वायु सेना के अधिकारियों के अनुसार, एक Mi-17 हेलीकॉप्टर रविवार को उत्तराखंड के चमोली जिले में हिमस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में खोज अभियान के लिए ड्रोन-आधारित इंटेलिजेंट बरीड ऑब्जेक्ट डिटेक्शन सिस्टम को एयरलिफ्ट करने के लिए तैयार है। वहीं जोशीमठ में डीएम चमोली संदीप तिवारी ने कहा, बचाव कार्य आज सुबह 7 बजे शुरू हो गया था। आज का मौसम साफ है। सेना और वायुसेना के 7 हेलिकॉप्टर बचाव अभियान में लगे हुए हैं। हमने खोज और बचाव अभियान के लिए माणा में थर्मल इमेजिंग कैमरा, NDRF के स्निफर डॉग को भेजा है। लापता लोग जल्द ही हमें मिल जाएंगे। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर माणा में जारी बचाव कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को हिमस्खलन से प्रभावित बिजली, संचार तथा अन्य सुविधाओं को जल्द से जल्द सुचारू करने के निर्देश दिए। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि मौसम साफ है और फंसे मजदूरों को निकाले जाने के लिए राहत एवं बचाव अभियान सुबह फिर शुरू हो गया।

# चांद पर उतरने जा रहा नासा का चंद्रयान

**वाशिंगटन,2 मार्च।** नासा का चंद्रयान एयरोस्पेस ब्लू घोस्ट रविवार को ही चांद पर लैंड हो सकता है। अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने चंद्रमा पर यूएस नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के विज्ञान पेलोड पहुंचाने के लिए यह मिशन लॉन्च किया था। मिशन, जिसका कोडनेम आईएम-2 है, बुधवार शाम को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर रवाना हुआ था। नासा के अर्टेमिस प्रोग्राम के तहत इंसानों को चांद पर बसाने के लिए जरूरी स्थिति की जानकारी जुटाने के लिए यह मिशन लॉन्च किया गया है। ऐसे में नासा ने इसे ऐतिहासिक मिशन बताया है। ब्लू घोस्ट की लैंडिंग चांद पर दूर तक फैले मैदानी इलाके मेयर क्रिसियम में होनी है। वैज्ञानिक अध्ययन के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के बाद इसकी लैंडिंग का प्रयास किया जा रहा है। सतह पर उतरने के बाद यह लैंडर 14 दिनों तक काम करेगा। यह जो भी प्रयोग करेगा उससे नासा को वहां के पर्यावरण के बारे में जानकारी जुटाने में मदद मिलेगी। इस मिशन पर नासा के 10 पेलोड भेजे गए हैं। लैंडर यह भी पता लगाएगा कि चांद के अंदर से कितना हीट फ्लो होता है। इसके अलावा पता लगाने का प्रयास होगा कि चांद पर आसानी से लैंडिंग के लिए क्या किया जा सकता है और यह किन जगहों पर आसान साबित होगा।



इसके अलावा एक्स रे इमेजिंग के जरिए पृथ्वी की भी मैग्नेटोस्फेयर का अध्ययन किया जाएगा। चांद की मिट्टी किस तरह से सतह पर व्यवहार करती है इसका अध्ययन भी नासा करने का प्रयास करेगा। आईएम-2 चंद्र गतिशीलता, संसाधन पूर्वेक्षण और उप-सतह सामग्री से अस्थिर पदार्थों के विश्लेषण को प्रदर्शित करने के लिए तैयार है, जो पृथ्वी से परे जल स्रोतों को उजागर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंटुएटिव मशीनों के अनुसार, चंद्र सतह और अंतरिक्ष दोनों पर स्थायी बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए एक प्रमुख घटक है। गौरतलब है कि पिछले साल, इंटुएटिव मशीन्स ने इतिहास रचा जब इसके पहले चंद्र लैंडर ओडीसियस ने चंद्र सतह पर एक नरम टचडाउन किया, जो 50 से अधिक वर्षों में चंद्र सतह पर उतरने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान था। यह मिशन इसलिए भी खास है क्योंकि प्राइवेट कंपनी के लैंडर को चांद पर भेजा गया है। ऐसे में चाहे आगे के मंगल मिशन हों या फिर लूनर मिशन, प्राइवेट कंपनियों के सहयोग से स्पेस मिशन आसान हो जाएंगे। इस बार इसकी शुरूआत हो रही है। अगर ब्लू घोस्ट सफल होता है तो कमर्शल लूनर प्रोग्राम के रास्ते खुल जाएंगे।

# मरी हुई छिपकली वाला पानी पीने से चार लोग बीमार

**कोरबा,2 मार्च।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में आज रसोई में लापरवाही के चलते एक ही परिवार के चार लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए. इनमें परिवार के पति-पत्नी और बेटी दामाद शामिल हैं. सभी को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है.

जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना कोरबा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र बरपाली तुरिधाम नगरदा गांव की है. यहां 50 वर्षीय प्यारेलाल, उसकी पत्नी 48 वर्ष, उनकी 32 वर्षीय बेटी कलाबाई बाई और 35 वर्षीय दामाद रथराम एक साथ



खाना खाए. खाना खाने के 1 घंटे बाद अचानक सभी की तबीयत बिगने लगी. चारों को तुरंत एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया. बताया जा रहा है कि पीने का पानी जिस टब में रखा गया था, उसमें छिपकली मरी हुई मिली. खाना खाने के दौरान इसी पानी के उपयोग करने से चारों की तबीयत बिगड़ गई.

### मायावती ने आकाश आनंद को सभी पदों से हटाया

**लखनऊ,2 मार्च।** यूपी की पूर्व सीएम और बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। इसके साथ ही दो नए नेशनल को-आर्डिनेटरों की नियुक्ति की है। आकाश की जगह उनके पिता और बसपा के महासचिव रहे आनंद कुमार और सांसद राम जी गौतम को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। यूपी की पूर्व सीएम और बसपा की प्रमुख मायावती ने एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद से अपना उत्तराधिकार छीन लिया है और उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। इसके साथ ही दो नए नेशनल को-आर्डिनेटरों की नियुक्ति की है। आकाश की जगह उनके पिता और बसपा के महासचिव रहे.

# सुप्रीम कोर्ट का अनुच्छेद-136 के तहत विशेष शक्तियों का प्रयोग उचित नहीं: धनखड

**नई दिल्ली,2 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट को संविधान के अनुच्छेद 136 का इस्तेमाल तभी करना चाहिए, जब विशेष रूप से अनुरोध किया जाए। हालांकि, उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने कहा कि इसका बढ़ता इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे मध्यस्थता बोर्ड के कामकाज पर असर पड़ रहा है। संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत सुप्रीम कोर्ट को विशेष अधिकार दिए गए हैं। इसका नाम स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) है। संबंधित एनएबी को देश के किसी भी न्यायालय, जिसमें उच्च न्यायालय (सैन्य न्यायालयों को छोडक़र) शामिल हैं, के फैसले के खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत याचिका दायर करने की अनुमति दी गई है। इसे स्वीकार या अस्वीकार करना सर्वोच्च न्यायालय का एकमात्र अधिकार है। नई दिल्ली में मध्यस्थता पर आयोजित एक



सेमिनार में बोलते हुए जगदीप धनखड़ ने कहा- सुप्रीम कोर्ट को संविधान के अनुच्छेद 136 का इस्तेमाल केवल विशिष्ट मामलों में ही करना चाहिए। क्योंकि इस नियम का इस्तेमाल यह बताने के लिए किया जाता है कि जिला न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित सभी को कैसे काम करना चाहिए। जब इसका बड़ी संख्या में इस्तेमाल किया जाता है, तो मध्यस्थता प्रक्रिया प्रभावित होती है। इस नियम के लागू होने से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से जुड़े मुद्दों का समाधान आसानी से नहीं हो पाया है। न्यायाधिकरणों में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाती है। हालांकि, समुद्री, विमानन और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों की नियुक्ति जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक है कि भारत विभिन्न बाधाओं के कारण अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र के रूप में उभरने में असमर्थ है।

### महिला की पहले आंख फोड़ी फिर ईंट से कुचल दिया सिर

**कुसमी,2 मार्च।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के चांदो थाना क्षेत्र के ग्राम नवाडीहकला के पियारटोली में एक वृद्धा के अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने गांव के ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। दरअसल आरोपी को शक था कि मृतका उसके परिवार पर जादू-टोना की है और इसी वजह से उसके दो बच्चों की मृत्यु तथा एक बच्चे की आंख खराब हो गई है। बस इसी रंजिशवश उसने नुकीली लकड़ी से पहले मृतका की एक आंख फोड़ी, फिर ईंट से सिर व चेहरे पर कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। चांदो थाना क्षेत्र के ग्राम नवाडीहकला पियारटोली निवासी कलेश्वर नाग 18 फरवरी को अपनी पत्नी की डिलीवरी कराने उसे लेकर अंबिकापुर गया था।

## भालू की मौत मामले में बीट गार्ड निलंबित, डिप्टी रेंजर को नोटिस

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,2 मार्च।** मरवाही वनमंडल में 8 से 10 दिन पुराने भालू के शव मिलने की सूचना देरी से देने पर वन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है. लापरवाही बरतने पर बीट गार्ड राकेश कुमार पंकज को निलंबित कर दिया गया है, जबकि डिप्टी रेंजर अश्वनी दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. दरअसल, कुछ दिन पहले मरवाही वनमंडल में करीब 8 से 10 दिन पुराना एक भालू का शव मिला था. इस मामले में वन विभाग को सूचना देरी से दी गई, जिसे गंभीरता से लेते हुए मरवाही वनमंडल ष्ठस्नह्र रौनक गोयल ने कार्रवाई करते हुए बीट गॉर्ड राकेश कुमार पंकज को निलंबित कर दिया है. वहीं डिप्टी रेंजर अश्वनी दुबे को नोटिस जारी किया है. मामले में डीएफओ रौनक



गोयल ने बताया कि पोस्टमार्टम में भालू के सारे अंग पाए गए हैं. इसमें शिकार से मौत होना नहीं पाया गया. बल्कि भालू के उम्रदराज होने के कारण उसकी स्वाभविक मौत होने की पुष्टि पोस्टमार्टम के अनुसार होना बताया गया है.

## कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता 3 को करेंगे ईडी दफ्तर का घेराव

**रायपुर,2 मार्च।** ईडी के द्वारा अपनी सीमाओं से परे जाकर भाजपा के इशारे पर कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस 3 मार्च को ईडी दफ्तर का घेराव करेगी। ईडी ने कांग्रेस के सुकमा जिला कार्यालय के निर्माण के संबंध में जानकारी मांगा था, ईडी को जानकारी देने गये प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को ईडी ने जबरिया 9 घंटे रोके रखा। ईडी की कार्यप्रणाली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ईडी अपनी जांच करे, कांग्रेस उसमें पूरा सहयोग करेगी लेकिन यदि ईडी जबरिया कांग्रेस नेताओं से दुर्व्यवहार करेगी तो उसको उसी की भाषा में जवाब दिया जायेगा। ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ईडी के अधिकारी भी अपने शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रही है। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा ईडी के कार्यप्रणाली के विरोध में कांग्रेस सुभाष स्टेडियम स्थित ईडी दफ्तर का घेराव करेगी। कांग्रेस ने मांग किया है कि सिर्फ कांग्रेस का ही क्यों वह भाजपा के भी खर्चों की पड़ताल करे? ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रू. की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे को बनाने का रुपया कहां से आया इसकी जांच करे? कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाईव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है।

## समाजसेविका पर धोखाधड़ी व गाड़ी छीनने का मामला दर्ज

**रायपुर,2 मार्च।** खुद को समाजसेवी बताने वाली ममता शर्मा और उसके पति संजय शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज, धमकी और गाड़ी हड़पने का गंभीर मामला दर्ज किया गया है। फरियादी अनिल कुमार साहू, निवासी ग्राम बरमपुर, थाना खड़गवां, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। अनिल साहू के मुताबिक, वर्ष 2021 में ममता शर्मा ने उसकी पत्नी पुनीता साहू की जमानत दिलाने के नाम पर उसे झांसे में लिया और एक स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद, ममता और संजय शर्मा ने अनिल की होंडा सिटी कार (क्रमांक CG 16CJ 2795) और पिकअप को धोखाधड़ी से अपने कब्जे में ले लिया। जब अनिल ने अपनी गाड़ी वापस मांगी तो आरोपियों ने उसे धमकाया, गालियां दीं और जान से मारने की चेतावनी तक दे डाली। फरियादी ने इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद जांच में आरोप सही पाए गए।

गवाहों ने भी पुलिस के सामने इस धोखाधड़ी की पुष्टि की है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ममता शर्मा और संजय शर्मा को गिरफ्तार करने के लिए उनके रायपुर स्थित आवास पर दबिश दी, लेकिन दंपति फरार हो चुके हैं। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। लेकिन इस मामले के उजागर होने के बाद उसकी असलियत सामने आ गई है। पुलिस इस मामले की तह तक जाने और अन्य पीड़ितों के सामने आने की संभावना को भी खंगाल रही है।

# हिमानी नरवाल की हत्या में कांग्रेस के लोगों का हाथ!

### मां और भाई ने जताया शक, प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

**चंडीगढ़,2 मार्च।** हरियाणा के रोहतक में सांपला बस स्टैंड के पास शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल का शव सूटकेस में मिला, जिसने राज्य की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक उन्हें कोई सबूत नहीं मिला है। इस बीच हिमानी की मां सविता और भाई जतिन का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हिमानी के हत्यारे पार्टी से जुड़े हो सकते हैं। हिमानी की मां ने कहा, प्रशासन यहां है। वे क्या करेंगे? वे जो कर सकते हैं, करेंगे। हमें लगता है कि यह (अपराधी) कांग्रेस पार्टी से जुड़ा कोई व्यक्ति हो सकता है। राहुल गांधी की पदयात्रा के ठीक बाद से ही वह कुछ लोगों के लिए एक दुखती रग बन गई थी। कुछ लोगों को आश्चर्य हुआ कि वह इतनी कम



उम्र में इतनी जल्दी कैसे आगे बढ़ गई। यह बात आशा हुड्डा जानती थीं, बत्रा साहब और हुड्डा साहब भी जानते थे। यह बात सभी जानते थे। उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान वह रात 2 बजे तक काम करती थी। आज एक बार भी वे हमारे पास नहीं आए। मैंने आशा हुड्डा (भूपिंदर सिंह हुड्डा की पत्नी) को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

बेटी के साथ आखिरी मुलाकात को याद करते हुए सविता ने कहा, मैं 27 फरवरी को शाम 4 बजे तक उसके साथ थी। उसने मुझे बताया कि वे शाम 4 बजे दिल्ली के लिए निकलीं और दिल्ली बाईपास से बस पकड़ी। मैंने उस रात फिर उससे बात की। उसने मुझे बताया कि अगले दिन हुड्डा साहब का कार्यक्रम है और वे बात नहीं कर पाएंगी। उसने कहा कि वे मुझे फ्री होकर एक बार फोन करेंगी। मैंने पूरा दिन इंतजार किया लेकिन जब मैंने रात को उसे कॉल किया तो उसका नंबर स्विच ऑफ था। जब मैंने अगली सुबह उसे कॉल किया तो वह दो बार स्विच ऑन हुआ और फिर से स्विच ऑफ हो गया। इससे पहले सविता ने कहा था कि जब तक उनकी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता, वह उसका अंतिम संस्कार नहीं करेंगी।

हिमानी के भाई जतिन ने कहा, हमारी कॉलोनी में कई सीसीटीवी लगे हैं। सूटकेस (जिसमें शव मिला) हमारे ही घर का है। हो सकता है कि वह (अपराधी) कांग्रेस पार्टी का कोई व्यक्ति हो, हो सकता है कि किसी को उससे इतनी जल्दी ऊपर चढ़ने पर ईर्ष्या हो।

# बुजुर्गों ने रैली निकाल लोगों को साइकिल चलाने प्रेरित किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 2 मार्च।** लोगो में झिझक हटाने और साईकिल चालक को वैश्विक व्यक्ति का दर्जा दिलाने कलाकारों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों तथा समाजसेवियों द्वारा जारी साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर अभियान रंग ला रहा है। सांसद विजय बघेल द्वारा मार्गदर्शन और साईकिल चलाने के बाद से लोगों में जनजागरूकता बढ़ी है। इसी कड़ी में सीआईएसएफचौक सेक्टर 1 में बुजुर्गों ने रैली निकालकर जनजागरूकता जगाई। रैली में प्रमुख रूप से भिलाई इस्पात संयंत्र के जनरल मैनेजर मानस रथ, विजय शर्मा, प्रकाश बंछोर, प्रवीण कालमेघ, भूपत राव बोरकर, प्रशांत क्षीरसागर, कृष्णा गुप्ता, विक्रम जैन, विजय सिंह, अंकुश देवांगन तथा बड़ी संख्या में साईकिल प्रेमी मौजूद थे।

विगत दिनो सांसद विजय बघेल के नेतृत्व मे शुरू किए गए साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर अभियान से प्रेरित होकर सुप्रसिद्ध चित्रकार भूपत राव बोरकर ने कहा कि जब हमारे सांसद महोदय साईकिल चला सकते हैं तो हम क्यों नहीं। यही वजह है कि उनके जैसे अनेक लोगो ने तुरंत साईकिल खरीदी है। सीआरएमई इलेक्ट्रिकल विभाग के जनरल मैनेजर मानस रथ ने इस अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि वे युवावस्था से आज तक प्रतिदिन कम से कम 20 किलोमीटर साईकिल चलाते हैं। 71 वर्षीय विक्रम जैन और विजय सिंह ने बताया कि उनकी स्वस्थता और खुशहाली का राज साईकिल ही है। बुजुर्गों ने पुराने समय में साईकिल के प्रति आकर्षण और वर्तमान समय में प्रदूषण दूर करने साईकिल चालन को प्रासंगिक बताया है। प्रकाश बंछोर ने साईकिल को शरीर के लिए पूर्ण व्यायाम निरूपित किया। वहीं वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा ने ग्लोबल वार्मिंग दूर करने के लिए दूसरों को न देखते हुए अपने हिस्से का प्रदूषण दूर करने का आव्हान किया है। लेह से लद्दाख तक की साईकिल यात्रा करने वाले प्रवीण कालमेघ ने दीर्घायु जीवन का राज साईकिल को बताया है। इसी तरह से प्रशांत क्षीरसागर ने भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों से आग्रह किया है कि वे प्रति सोमवार साईकिल से ड्यूटी जाकर पूरे देश में एक मिशाल पेश करें। ललित कला अकादमी, नई दिल्ली में राज्य से प्रथम बोर्ड मेम्बर और कार्यक्रम संयोजक डा. अंकुश देवांगन ने कहा कि तेजी से विकसित बन रहा भारत ही पूरी दुनिया को प्रदूषण से बचाने का राह दिखा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की है हमें शर्म छोड़कर आम दिनचर्या में साईकिल को अपनाना चाहिए। इस अभियान में प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, आचार्य महेश चंद्र शर्मा, डा. ध्रुव तिवारी, बी.एल.सोनी, खैरागढ़ विश्वविद्यालय से प्रोफेसर कपिल वर्मा, सात समंदर पार अमेरिका से चित्रकार कमलेश सक्सेना, मोहन बराल, साहित्यकार मेनका वर्मा, मीना देवांगन, धीरज साहू, यश दलवी, कांता देवी, पी.एल.जेना तथा पर्यावरण मित्र बालूराम वर्मा जैसे सैकड़ो लोग निरंतर मदद और मार्गदर्शन कर रहे हैं।

## समाचार संक्षेप

### परमेश्वरी महोत्सव में शामिल हुए सांसद विजय बघेल




**पाटन, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देवांगन समाज पाटन के तत्वाधान में मां परमेश्वरी महोत्सव का कार्यक्रम देवांगन समाज भवन पाटन में किया गया। जहाँ सांसद विजय बघेल ने मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर मां परमेश्वरी से आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता जितेंद्र वर्मा निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्ग, विशेष अतिथि योगेश निक्की भाले अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन, चंद्रप्रकाश देवांगन पार्षद वार्ड क्रमांक 01, केवल देवांगन पार्षद वार्ड क्रमांक 11 के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समाज के गौरव सी जी पी एस, सी, में चयनित स्वजातीय अधिकारियों एवं नगर गौरव सम्मान से पत्रकार संतोष देवांगन का सम्मान सांसद विजय बघेल के कर कमल से किया गया। इस दौरान समाज के द्वारा सांसद विजय बघेल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा की मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि 30 साल से आप सभी का प्यार दुलार मुझे पाटन की जनता देती आई है और इसी पाटन से मुझे विधायक फिर दुर्ग लोकसभा सांसद बनाया देवांगन समाज का मैं आभार व्यक्त करता हूं कि देवांगन समाज के कार्यक्रम में मुझे आने का अवसर मिला. सामाजिक रूप से मां परमेश्वरी के आशीर्वाद से आपके समाज का बेटा निक्की भाले नगर अध्यक्ष बने हैं। इस अवसर पर पार्षद नेहा बाबा वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमणी चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष बलदाऊ भाले, उपाध्यक्ष अनिल भाले, सचिव सालिक देवांगन, राजा देवांगन, छोटे लाल, कौशल देवांगन केवल देवांगन, महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति देवांगन, सेवती देवांगन पूर्णिमा देवांगन, ललित देवांगन, विनोद देवांगन, भागेश देवांगन, कमल देवांगन, सालीक देवांगन, बलराम देवांगन, प्रमोद देवांगन, जानकी देवांगन, कुंती देवांगन, सूप्रिया देवांगन सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### विधानसभा में विधायक रिकेश की 3 अहम याचिकाएं स्वीकृत



**भिलाई, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधायक रिकेश सेन द्वारा विधानसभा के बजट सत्र में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रस्तुत की गई तीन प्रमुख याचिकाओं को स्वीकृति मिली है। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में सेन ने भिलाई के सुपेला में उप तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय को एक ही जगह संचालित करने, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी औद्योगिक क्षेत्र भिलाई एवं जवाहर नगर के मध्य शासकीय पशु चिकित्सा सेवाएं 24 घंटे उपलब्धता के साथ प्रारंभ करने एवं हाउसिंग बोर्ड कालोनी औद्योगिक क्षेत्र एवं जवाहर नगर के मध्य शासकीय पीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने संबंधी अहम याचिका विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के समक्ष प्रस्तुत की गई थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

## एक नजर

### पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन विस्तार कार्य शुरू



**जामुल, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल में पेयजल आपूर्ति हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने वार्ड क्र. 14 में फल तोड़कर पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ करवाया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने जानकारी दिया कि आज जो पाईप लाईन का कार्य हो रहा है उसकी लागत तेरह लाख अस्सी हजार रूपये का है जो कि 390 मीटर लम्बाई तक विस्तार होगा। इसके साथ ही हर घर में नल से जल पहुंचाने का जो कार्य है इस लक्ष्य को पूरा करना है। जिससे प्रत्येक घरों में पानी पहुंच सके। इस प्रकार के कार्य अन्य वार्डों में भी होगा। कार्य प्रारंभ होने के समय लोक निर्माण प्रभारी खम्हन ठाकुर, वार्ड पार्षद रामदुलार साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### सशस्त्र बल के जवान के साथ मारपीट

**भिलाई, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई छावनी थाना अंतर्गत सशस्त्र बल के जवान के साथ उसके ही बड़े भाई ने मारपीट की है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि केम्प – 01 आदर्श नगर निवासी राजेश कुमार गुप्ता छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका बडा भाई रमेश गुप्ता कैंप–1 में गुप्ता इंटरप्राइजेंस के नाम से दुकान चलाता है। बीती रात करीब 8.30 बजे वह दुकान में अपने बड़े भाई रमेश गुप्ता से मिलने गया, लेकिन भाई ने पारिवारिक विवाद को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद गाली–गलौच करते हुए हाथ–मुक्के और डंडे से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसके दाहिने हाथ की अंगुली एवं बांए पैर के अंगूठे में चोट आई है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भिलाई, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के ग्राम सेलूद निवासी 22 वर्षीय राकेश यादव ने रात अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना का कारण अज्ञात है उतई पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब छह बजे घर वालों ने उसकी लाश को फंदे पर झूलता देखा और जानकारी दी राकेश राजमिस्त्री का काम करता था घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिससे घटना का कारण स्पष्ट हो सके

### युवक के गले में ब्लेड से जानलेवा हमला

**भिलाई, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई बहन से बात करने के चलते हुए विवाद में एक आरोपित ने एक युवक के गले पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया शिवपारा स्टेशन मरोदा निवासी पीड़ित युवक की मां इंद्रावती राजभर की शिकायत पर नेवई पुलिस ने आरोपित रोशन ठाकुर के खिलाफहत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर जांच कर रही है नेवई पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता का बेटा अमित राजभर को काम करने के लिए उमरपोटी उतई गया था वहां से वह शाम को वापस घर लौट रहा था तभी रास्ते में शिवपारा में आरोपित रोशन ठाकुर ने पीड़ित को रोका और उससे अपनी बहन से बात करने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपित ने अपने पास से ब्लेड निकालकर पीड़ित के गले पर गंभीर वार कर दिया वहां से गुजर रहे इंदु और रीना ने विवाद होता देखा तो बीच बचाव किया इसके बाद वे दोनों पीड़ित को घर लेकर आईं, जहां से उसे अस्पताल पहुंचाया गया

### हिमांशु लेंगे 3 को साजा नपाध्यक्ष की शपथ



**साजा, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राम अवतार वर्मा ने बताया की हिमांशु वर्मा 3 मार्च को दोपहर में नगरपंचायत अध्यक्ष का शपथ लेंगे।

## छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन एवं संस्कृति के मुरीद हुए गोवा के युवा

# युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की जरूरत : विजय बघेल

- गोवा युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन आज
- युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम देश की संस्कृति को जोड़ने में सहायक : गजेंद्र यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई, 2 मार्च।** अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का उद्घाटन चोपड़ा पैलेश, दुर्ग में मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गोवा के युवाओं को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराओं और विकास गतिविधियों से जोड़ना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और समरसता को बढ़ावा दिया जा सके। इसका आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था नेहरु युवा केंद्र दुर्ग के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं नेहरू युवा संगठन छग राज्य निदेशक अतुल निकम युवाओं से मिलने पहुंचे थे।

नेहरू युवा केंद्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम दिनाँक 26 फरवरी से 2 मार्च तक चोपड़ा पैलेस दुर्ग में आयोजित है जिसमें पांच दिनों तक शैक्षणिक सत्र, कार्यशाला, खेल और क्षेत्र भ्रमण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभी तक इन्हें गुरुघासीदास संग्रहालय रायपुर, पुरखौती मुक्तांगन, मैत्री बाघ सहित आसपास के पर्यटन एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जा चुका है साथ ही छग की संस्कृति के विषय पर शिक्षक एवं पीएसडी स्कॉलर नरोत्तम साहू, सामुदायिक विकास विषय पर आदित्य भारद्वाज, व्यक्तित्व निर्माण विषय पर जितेंद्र सोनी, साइबर क्राइम जागरूकता के लिए सायबर पोलिस थाना दुर्ग के सीनियर सब इंस्पेक्टर डॉ संकल्प रॉय सहित अन्य वक्ताओं ने युवाओं को संबोधित किया। योगगुरु मृदुल निर्मल प्रतिदिन युवाओ को योगाभ्यास एवं यादवेंद्र साहू ने माइंड एवं रचनात्मक खेलों का अभ्यास करा रहे हैं।

विधायक गजेंद्र यादव ने युवाओं के साथ चर्चा करते हुए कहा भारत सरकार द्वारा आयोजित अन्तर्राज्जीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम युवाओं को नए अनुभवों से परिचित कराएगी और उन्हें शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक अवसरों की जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगी। साथ ही युवाओं को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

सांसद विजय बघेल ने कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए कहा युवा ही प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं इसलिए वे एनवाईके से लगातार जुड़कर युवाओं से संवाद करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा हम युवाओं को एक सकारात्मक दृष्टिकोण देकर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया भारत की संस्कृति अत्यंत समृद्ध और संपन्न है जिसे युवा पीढ़ी ही संरक्षित एवं संवर्धित कर सकती है। इसके लिए युवाओं को पूरी ईमानदारी से सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एपीए आरती मिश्रा, आकांक्षा गोंडाने, ललेश्वरी साहू, गायत्री निषाद, हितेश, निमिष, गौरव, योगेश सहित शौर्य युवा संगठन कोड़िया, कर्मवीर युवा संगठन कातरो, छग युवा जनकल्याण संगठन हनोदा, जीविका स्वसहायता समूह बोरसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्रभारी महासचिव पायलट से मिले विधायक देवेंद्र, जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 2 मार्च।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट से मंगलवार को भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने मुलाकात की। इसके बाद यूथ कांग्रेस नेशनल प्रेसिडेंट उदय भानु चिब से भी भेंट मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति की जानकारी दी। इस दौरान सबसे पहले विधायक देवेंद्र यादव ने सचिन पायलट का आभार जताया, उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक देवेंद्र यादव जब जेल में थे, तब सचिन पायलट उनसे मिलने के लिए जेल गए थे। विधायक की मां और परिवार से मिलकर उन्हें हिम्मत दी थी और कहा था कि वे भी उनके बेटे देवेंद्र यादव की तरह ही है। उनके रहते उन्हें किसी बात की चिंता नहीं करना है। विधायक संघर्षशील युवा नेता है और सच परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता। एक दिन विधायक जीत कर जेल से बाहर आएगा। जेल से बाहर आने के बाद विधायक देवेंद्र यादव को राहुल गांधी ने दिल्ली बुलाया था। जहां उनकी लंबी चर्चा हुई थी। इसके बाद विधायक देवेंद्र यादव सचिन से मिले है। इस मुलाकात में राज्य के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा हुई। राजनीति गलियारों में देवेंद्र यादव एक बार फिर चर्चा का विषय बने हुए है। जेल में रहते ही उन्हें कांग्रेस पार्टी ने चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी। 6 माह तक जेल में रहने के दौरान देश भर के बड़े-बड़े कांग्रेसी नेता उनसे मिलने पहुंचे। जैसे ही वे बाहर आए, सबसे पहले राहुल गांधी ने उन्हें सीधे दिल्ली बुलाया। इसके बाद अब सचिन पायलेट से मुलाकात से कई तरह की चर्चा का विषय बना हुआ है। विधायक देवेंद्र यादव को अब राजनीतिक विशेषज्ञ केंद्र स्तर का बड़ा नेता के रूप में देख रहे हैं। जेल में रहने के दौरान पूरे प्रदेश के युवा साथियों ने प्रदेश भर में सरकार के खिलाफमोर्चा खोल रखा था, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेल में मिलने आए थे और भिलाई निवास में परिवार से भी मुलाकात की थी।

## मोहलाई सरपंच का अभिनंदन

## शिक्षकों की डांट माता-पिता के प्यार से श्रेष्ठ होती है:प्राचार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 मार्च।** शासकीय हाई स्कूल मोहलाई में पुरस्कार वितरण एवं बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवम् नवनिर्वाचित सरपंच डॉ नरेन्द्र निषाद का अभिनंदन शाला परिवार की ओर से प्राचार्य लखन लाल साहू ने शाल भेंट कर किया। सांसद प्रतिनिधि एस एम डी सी रोम नाथ देवांगन, पूर्व सरपंच भरत निषाद, समस्त नव निर्वाचित पंचों का अभिनंदन शाला परिवार की ओर से किया गया। अनुशासित, बेस्ट उपस्थिति, क्रीड़ा, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं अकादमिक उपलब्धि के लिए छात्रों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार दिया गया। कक्षा 9 वीं के छात्रों ने 10 वीं के छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किए। सरपंच ने बधाई देते हुए कहा कि सर्व प्रथम शाला भवन निर्माण हेतु प्रयास किया जाएगा फिर स्थानीय जरूरत को मिलकर पूरा करेंगे। सभा को रोम नाथ देवांगन, भरत निषाद ने भी संबोधित किया। प्राचार्य लखन लाल साहू ने कहा शिक्षकों का डांट माता पिता के प्यार से श्रेष्ठ होता है। दुनिया में शिक्षक ही ऐसा है जो छात्र को अपने से श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं। मंच संचालन गीतांजलि तिवारी ने किया। इस अवसर पर नीलेश श्रीवास्तव, अशोक साहू, अनिल मिंज, दानिश्वर साहू, रविकांत वाघे, कविता, अभिषेक वाघेला, मुकेश तीरपूरे, हेमन्त देवांगन, गौरी दुबे, अंजलि साहू, आशीष एवं रानी गहने सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।



## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थिया का परिचय कुलजीत उर्फसन्नी से वर्ष 2021 से इंस्टाग्राम में वर्ष 2021 मे हुआ था मई 2022 में आरोपी कुलजीत उर्फसन्नी ने प्रार्थिया को अपने घर कैम्प-1 के पास बुलाया और प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया उसके बाद से जब भी आरोपी के घर में कोई नहीं रहता था तो प्रार्थिया को डराकर अपने घर बुलाकर शारीरिक सबंध बनाता था। आरोपी ने उसके भतीजे का बर्थडे है कहकर प्रार्थिया के चाचा से 10 प्रतिशत ब्याज में 40 हजार रुपए मांगने बोला तब प्रार्थिया अपने चाचा से पैसा मांगकर आरोपी को दी थी जब प्रार्थिया पैसा वापस मांगने लगी तो उसे बदनाम करने की बात कहकर धमकाते रहा। रिपोर्ट पर वैशाली नगर पुलिस मामले में धारा 64 (1) 69, 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित की इसके बाद पुलिस ने आरोपी के घर में दबिश देकर उसे पकड़ा पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया।

## पार्षद व एमआईसी सदस्य वेंकट रमना के खिलाफ एफआईआर

**भिलाई, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुरानी भिलाई पुलिस ने चरोदा निगम के पार्षद व एमआईसी सदस्य एस. वेंकट रमना के खिलाफकाउंटर एफआईआर दर्ज किया है पार्षद ने जिन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया उन्हीं में से शंभूनाथ की पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने पार्षद एस. वेंकट रमना के खिलाफ धारा 296, 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि पंचशील नगर चरोदा निवासी संजना पत्नी शंभूनाथ ढोल (30 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि पार्षद ने उसे धमकी देने और गाली-गलौज करने की घटना से करीब तीन से चार दिन से लगातार उसके घर आकर घर खाली करने की बोल रहा था। हालांकि उस दौरान उसने पार्षद को अपने पति शंभूनाथ से बात करने की सलाह दी थी। इसके बाद 17 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे एस. वेंकट रमना घर आया और बोला कि यदि दो दिन के अंदर मकान खाली नहीं किया तो रात में जब वह अपने घर में सो रहे होंगे वह बुलडोजर चलवा देगा इसके बाद पार्षद उससे गाली-गलौज कर चला गया दोपहर में पति शंभूनाथ के घर आने पर उसने पार्षद ने किए गए दुर्व्यवहार के संबंध में जानकारी दी थाने में पार्षद के खिलाफकानूनी कार्रवाई के लिए शिकायत दर्ज करा दी इससे पूर्व प्रकरण में पुलिस ने पार्षद एस. वेंकट रमना की रिपोर्ट पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में अपराध दर्ज किया।

## शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री शामिल हुए

# बोडला नपाध्यक्ष विजय ने ली पद की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 2 मार्च।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा नगर पंचायत बोड़ला अध्यक्ष विजय पाटिल एवं समस्त पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बधाई और शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बोड़ला नगर पंचायत में पूर्ण बहुमत के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। नगर पंचायत की इस सरकार में बहुत ही अनुभवी और युवाओं की टीम बनी है। नगर पंचायत क्षेत्र में राज्य शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा, साथ नगर क्षेत्र का मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाओं के साथ समुचित विकास होगा।

नगर पंचायत बोड़ला में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला सुश्री रुचि शार्दुल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय पाटिल एवं पार्षदों को शपथ दिलाई।। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, जिला पंचायत सदस्य ईश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, बीजेपी नेता गोपाल साहू, जिला बीजेपी उपाध्यक्ष बीजेपी जसविंदर बग्गा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षद अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शहर के समग्र विकास और जनता के कल्याण के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी, ताकि प्रत्येक नागरिक को बेहतर जीवन स्तर मिल सके और शहर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद से लगातार शहरों के विकास के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। अब नवनिर्वाचित अध्यक्षों के नेतृत्व में इन प्रयासों को और गति मिलेगी, जिससे शहरों की आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इन सकारात्मक बदलावों से नागरिकों का सरकार और जनप्रतिनिधियों पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा। बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल ने कहा की बोड़ला नगर पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ साथ सभी वार्डो में सर्वांगीण विकास पर फोकस रखेंगे।

### संगठन जो जिम्मेदारी देगी उसे में निभाऊंगी : रेखा साहू



**कवर्धा, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कवर्धा नगर पालिका उपाध्यक्ष की रेस में कई नाम है और रेखा हरीश साहू 700 मतों से जीत कर पार्षद बनी है और ग्रेजुएट शिक्षित होने के कारण उपाध्यक्ष की सशक्त दावेदारी में चर्चा होती हुई दिखी। वैसे 5 दावेदारों की भी चर्चा होती हुई दिख रही है। मनोज गुप्ता, पवन जायसवाल, सुनील साहू की दावेदारी की चर्चा करते हुए लोग दिख रहे है। रेखा हरीश साहू पार्षद ने उपाध्यक्ष की दावेदारी के सवाल पर कहा की भाजपा संगठन जो जिम्मेदारी देगी में उसे निभाऊंगी। प्राथमिकता के सवाल पर रेखा ने कहा की स्वच्छता ओर सड़क नाली निर्माण ओर वार्ड का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## एक नजर

### जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय होता छात्र जीवन: विस अध्यक्ष रमन सिंह

**राजनांदगांव 02 मार्च।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर



ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, नवनिर्वाचित महापौर श्री मधुसूदन यादव विशेष रूप उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा बी++ ग्रेड की उपलब्धि प्राप्त किया गया है, यह महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा किजीवन का सर्वश्रेष्ठ समय छात्र जीवन होता है। यह समय लौट कर वापस नहीं आता, इसलिए छात्र जीवन को अच्छी तरह जीना चाहिए, अध्ययन के साथ ही सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में भरपूर प्रतिभा है। अमेरिका, यूरोप एवं दुनिया में देश एवं प्रदेश के बच्चों ने अपनी बुद्धि, मेधा, शिक्षा की गुणवत्ता से यह साबित किया है कि हम किसी से कम नहीं है। अमेरिका के साईबर सिटी में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तथा यूरोप के विभिन्न संस्थाओं में देश के युवा कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षा नीति के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर तलाशेंगे। जिसमें विभिन्न तरह के कोर्स उपलब्ध है तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सुविधाएं बढ़े इसके लिए विशेष तौर पर प्रयास करेंगे।

### उरांव अब कोसाबाड़ी जोन कमिश्नर

**कोरबा 02 मार्च।** नगर पालिक निगम कोरबा के आयुक्त आशुतोष पांडेय ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से व्यवस्थाओं में फेरबदल किया है। इसके तहत निगम में पदस्थ अधिकारियों को नए दायित्व सौंपे जाने के साथ-साथ कार्यपालन अभियंता बरूआ को अधीक्षण अभियंता का प्रभार सौंपा गया है।

### भू-विस्थापित रोजगार एकता संघ ने की 3 को कुसमुंडा खदान हड़ताल की घोषणा

**कोरबा 02 मार्च।** छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू-विस्थापित रोजगार एकता संघ ने एसईसीएल के खिलाफबड़ा आंदोलन करने का फैसला किया है। इसके अंतर्गत 3 मार्च को कुसमुंडा खदान को बंद कर दिया जाएगा, जिसमें भू-विस्थापितों की मांगों को पूरा करने के लिए एसईसीएल पर दबाव डाला जाएगा। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल को भू-विस्थापितों की मांगों को पूरा करना होगा, नहीं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### युवा और संघर्षशील संजय कुमार पाण्डेय बने प्रदेश संगठन महामंत्री

**कोरबा 02 मार्च।** छत्तीसगढ़ के संजय कुमार पाण्डेय जी के कार्य को देखते हुए उनसे प्रभावित होकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन महामंत्री (मीडिया सेल) का दायित्व दिया गया है अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की हुई कोर कमेटी की बैठक नई दिल्ली में संजय पांडे की नियुक्ति की गई जिसमें संगठन के ब्रांड एम्बेसडर एवं अध्यक्ष मोहित नवानी जी की उपस्थिति में संजय पांडे की नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष श्याम सिंह ठाकुर जी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष (मीडिया) एवं युवाओं के ब्रांड मनोज वर्मा (स्वतंत्र) जी ने किया। इस पर स्वतंत्र ने राष्ट्रीय कोर कमेटी को जानकारी देते हुए कहा की यह महत्वपूर्ण पद का दायित्व पाण्डेय को दिया जाए इसमें संगठन और संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी ने सहमति प्रदान करते हुए सहमति प्रदान कर दिया। इस पर स्वतंत्र जी ने कोर कमेटी एवं चेयरमैन मोहित नवानी जी को यकीन दिलाया कि छत्तीसगढ़ में उनकी टीम संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए संजय कुमार पाण्डेय पर भरोसा जताते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अपनी इस कार्य एवं बड़ी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन से निर्वहन करेंगे संगठन आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है स्वतंत्र ने पाण्डेय को जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी (मीडिया) का गठन करने का आदेश दिया।

## फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

# नव उद्यमियों के लिए अपार संभावनाएं: साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 02 मार्च।** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास और नव उद्यमिता के लिए अपार संभावनाओं से भरा राज्य है। यह राज्य वन, खनिज और ऊर्जा संसाधनों से समृद्ध है और बिजली उत्पादन में सरप्लस राज्यों में शामिल है। इन संसाधनों के चलते यहाँ उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। सरकार निवेशकों और नव उद्यमियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है, ताकि प्रदेश में आर्थिक विकास और रोजगार के नए अवसरों को प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव डॉ. बसवराजू एस., पी. दयानंद, राहुल भगत, उद्योग सचिव रजत कुमार और प्रबंध संचालक विश्वेष झा उपस्थित थे।



**नई औद्योगिक नीति 2024-30 से उद्योग स्थापना होगी आसान**-मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की गई है, जिससे निवेशकों के लिए उद्योग स्थापित करना पहले से अधिक सरल और सुविधाजनक हो गया है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन और त्वरित प्रोसेसिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे निवेश प्रक्रिया पारदर्शी और तेज़ बनी है। इसके अतिरिक्त, संगल विंडो 2.0 प्रणाली लागू की गई है, जिससे सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ आसानी से मिल रही हैं और निवेशकों को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

**नए औद्योगिक पार्क से निवेश को मिलेगा बढ़ावा**-मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना कर रही है, जिससे उद्योगपतियों को आवश्यक बुनियादी ढाँचा और संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे नव उद्यमियों को भी सशक्त वातावरण मिलेगा, जिससे वे अपनी व्यावसायिक यात्रा को मजबूती से आगे बढ़ा सकें। इस पहल से न केवल औद्योगिक इकाइयों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

**छत्तीसगढ़ में रिकॉर्ड निवेश प्रस्ताव, पहली बार सेमीकंडक्टर और एआई सेक्टर को बढ़ावा**- मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद अब तक छत्तीसगढ़ को 1.23 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। प्रदेश में एआई, आईटी, डाटा सेंटर, फार्मास्युटिकल, रियल एस्टेट और रोबोटिक्स जैसे सेक्टरों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, छत्तीसगढ़ में पहली बार सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर और एआई आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जो प्रदेश के औद्योगिक विकास में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होंगे।

**औद्योगिक निवेश को लेकर सकारात्मक संवाद**-मुख्यमंत्री साय ने बैठक के दौरान उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार उद्यमियों को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक नीति स्पष्ट, पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल हैं, जिससे देश-विदेश के उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में व्यापार स्थापित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार उनके व्यापार को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग देगी। राज्य की नई औद्योगिक पहल प्रदेश को आर्थिक प्रगति और नवाचार के नए दौर में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित उद्यमियों और निवेशकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें प्रमुख रूप से मैनकाइंड फार्मा से गौरव चौहान, एम्बेसी रीट के सीईओ विकास खडोलिया, यूअरस्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा और मायट्री स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप के फाउंडर रोहित कश्यप शामिल थे।

## भाजपा, ईडी की तानाशाही का विरोध संसद से सड़क तक होगा: कांग्रेस



**राजनांदगांव।** केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में अराकता का माहौल बनाकर कांग्रेस नेताओं पर प्रवर्तन निर्देशालय (ईडी) के माध्यम से समन जारी कर प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। वर्तमान में राजीव भवन (कांग्रेस) की आड लेकर समन जारी कर छग के कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं पर ईडी भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को ईडी कार्यालय में घंटों बैठाया जा रहा है उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसको लेकर 01 मार्च को जिला मुख्यालय में भाजपा व ईडी का पुतला दहन किया गया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि केन्द्र की मोदीनीत भाजपा सरकार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (राजीव भवन) को किस मद से जारी करके बनाया गया है करके समन जारी प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैंद सहित अन्य कांग्रेसजनों को ईडी कार्यालय में बैठाकर घंटों पूछताछ कर प्रताड़ित किया जा रहा है।

## शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 02 मार्च।** आरक्षकों को गाली गुफ्तार कर शासकीय कार्य मे बाधा डालने की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी सुकुलदैहान मे अपराध धारा 221,296 बीएनएस. का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया, प्रकरण मे साक्ष्य विलोपित करने एवं अवैध रूप से शराब परिवहन करते पाए जाने पर धारा 238 बीएनएस.एवं 34(2) आबकारी एक्ट जोड़ा गया, आरोपीगणों वाहन स्वामी दीपक चौहान तथा घटना दिनांक को वाहन को चला रहे चालक कौशल वर्मा को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त वाहन कार क्रमांक छ्त्त 08,ल्ह 2405 को जप्त कर दिनांक 01.03.25 को आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ़्तारी को सूचना उनके परिजनों को देकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया.



# रात के अंधेरे में सीसी सड़क का निर्माण कार्य धड़ल्ले से

■ ठेकेदार की मनमानी, मामला नगर पंचायत छुरिया का

**छुरिया, 02 मार्च।** नगर पंचायत छुरिया के सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नं. एक में रात के अंधेरे में सी.सी.सड़क का धड़ल्ले से निर्माण किया जा रहा था। मजे की बात यह है कि निर्माण कार्य की देखरेख करने वाले नगर पंचायत के संबंधित अधिकारी की शाह पर ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतर आया था। इसकी भी शिकायत भी हुई लेकिन लापरवाह अधिकारियों ने ठेकेदार से सांठगांठ कर निर्माण कार्य में जमकर बंदरबाट किया, और शिकायत को अनसुनी कर दी।

मिली जानकारी अनुसार नगर पंचायत के वार्ड क्र. 1 संत रविदास वार्ड में अधोसंरचना मद से 29 लाख रूपये की लागत से नहर नाली से खेत तक



सी.सी.सड़क निर्माण कार्य की 22 जून वर्ष 2022 को प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। जिसका टेण्डर श्याम इंडस्ट्रीज डोंगरगढ़ को दिया गया था। जिसका निर्माण कार्य वर्ष 2023 में वर्क आर्डर नगर पंचायत ने ठेकेदार को अगस्त माह में दिया था। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से लगभग एक साल से निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बाद सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया जिसको लेकर उसे दो बार नोटिस भी जारी किया गया था।

हद तो तब हो गई जब ठेकेदार ने नोटिस मिलने के बाद सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य दिन में न करते हुए नियम विरूद्ध रात के अंधेरे में सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य जारी रखा जिसकी शिकायत भी हुई लेकिन नगर पंचायत के गैरजिम्मेदार अधिकारियों ने ठेकेदार से मिलीभगत कर स्तरहीन सीमेण्ट, गिट्टी, रेत, की सामग्रियों का उपयोग कर प्राक्कलन अनुरूप कार्य न कर जमकर गड़बड़ी की और देर रात तक रात के अंधेरे में सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी रखा। जिसको लेकर वार्डवासियों ने नाराजगी व्याप्त है। इसकी शिकायत कर जांच कार्यवाही की मांग की है।

### मौके से जवाबदेह अधिकारी रहे नदारद

नगर पंचायत के वार्ड क्र. 1 में देर रात्रि तक रात के अंधेरे में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करते हुए सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस कार्य की सतत् मॉनिटरिंग करने वाले जवाबदेही इंजीनियर, नगर के कर्मचारी मौके से नदारद थे। शिकायत मिली है, जांच कर कार्यवाही करेंगे।

## परिवार कुंभ स्नान को गया, घर में हुई चोरी

■ पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही।

**राजनांदगांव, 02 मार्च।** प्रार्थी दिनेश अग्रवाल पिता रामअवतार अग्रवाल उम्र 41 साल साकिन केसर नगर गायत्री स्कूल रोड राजनांदगांव का दिनांक 25.02.2025 थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की सहपरिवार दिनांक 22.02.2025 को कुंभ स्नान करने प्रयागराज गया था। दिनांक 24.02.2025 को शाम 05:00 बजे इसकी पत्नि की सहेली से जानकारी प्राप्त हुई हमारे घर का दरवाजा खुला है जाकर देखे तो ताला टुटा है, प्रयागराज से वापस आकर देखा तो अंदर सामान बिखरा था आलमारी



टुटी हुई थी। आलमारी मे रखे सोने चांदी के जेवरात कीमती करीबन 5,00,000 रूपये एवं नगदी रकम 10,00,000 रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। कि रिपोर्ट पर अप0क्र0 92/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस कायम किया गया।

## आरक्षक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपी को भेजा गया जेल

**राजनांदगांव, 02 मार्च।** प्रार्थी के लिखित आवेदन पर से थाना लालबाग में आरक्षक भर्ती संवर्ग मे अभ्यार्थीयों को मशीन में छेड़खानी कर अंक में लाभ दिलाने की बात पर से अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 568/24 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) 61(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी की सूचना वरिष्ठ अधिकारीयों को दिया गया। दौरान विवेचना के



सीसीटीवी फुटेज, मोबाईल चैटिंग मेसेज एवं गवाहो के बयान पर एवम् अन्य साक्ष्य सबूत इकट्ठा किया गया डिजीटल साक्ष्य और संदेहियों से पुछताछ के आधार पर आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर एक और आरोपी जो कि पुलिस स्टाफ है।

# क्या छुरिया की पहाड़ी से गायब है काला तेंदुआ?

■ वन विभाग कुछ कहने की स्थिति में नहीं

■ 3 दिनों से नहीं दिखा है काला तेंदुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 02 मार्च।** मां दन्तेश्वरी पहाड़ी मंदिर पर पिछले एक सप्ताह से दुर्लभ प्रजाति के काले तेन्दुआ की दस्तक बनी हुई है। किन्तु पिछले 3 दिन से इस काले तेन्दुआ को मां दन्तेश्वरी पहाड़ी मंदिर पर नहीं देखा गया है ऐसा लगता है कि छिप कर बैठ गया है। कुछ अनुभवी और जंगली जानवरों के सम्बन्ध में अनुभवी लोगों से बात की तो उनका कहना है कि हो सकता है दुर्लभ प्रजाति के काले तेन्दुआ को देखा गया था उसके साथ में उसके 3 बच्चे भी देखे जाने की दावेदारी भी कुछ लोगों ने की थी। अपने भोजन की तलाश में कहीं शिकार के लिये निकल गया होगा। जिसके कारण से वह पहाड़ी पर दिखाई नहीं दे रहा है।



**क्या कहते हैं, जंगल और जंगली जानवरों के अनुभवी**- जंगल और जंगली जानवरों के अनुभवी लोगों से बात करने पर उनका कहना है कि ये जंगली जानवर एक ही जगह पर चिपककर नहीं रहते हैं अपने भोजन की तलाश को रात में शिकार के लिये निकलते हैं और सुबह होने के पहले अपने सुरक्षित स्थान पर पहुंच कर फिर से आराम करने लगते हैं, पिछले 3 दिनों से दुर्लभ प्रजाति के काले तेन्दुआ के न दिखने पर उन्होंने अपने अनुभव से बताया कि जैसा कि ये जंगली जानवर 12 गांव की सियार ( 12 गांवों की सीमा को छूकर फिर अपने मूल स्थान पर जाना ) को छूकर ही अपने मूल स्थान पर पहुंचते हैं। छुरिया में 3 दिन से दुर्लभ प्रजाति के काले तेन्दुआ का न दिखना इस बात को दर्शाता है कि यह जानवर अभी अपनी 12 गांव की सियार में भ्रमण कर रहा होगा जिसके कारण से यहां पर दिखाई नहीं दे रहा है।

**कौन से गांव काले तेन्दुआ के सियार में आ सकते हैं**-छुरिया के आस पास के गांव छुरिया, घोघरे, डूमरडीह, बोईरडीह, लाममेटा, हालेकोसा, बजरंगपुर, बम्हनी चारभांठा, शिकारी महका, जोब, दीवानटोला और घुपसाल ये गांव आसपास के गांव हैं जिनमें दुर्लभ प्रजाति के काले तेन्दुआ का भ्रमण हो सकता है। ये सिर्फ अंदाजा लगाया जा रहा है किसी ठोस दावे की बात नहीं की जा रही है कि काला तेन्दुआ इन्हीं गांवों में जायेगा ही यह तो एक प्रकार से समझा जा सकता है। अभी तक इन आसपास के गांवों से कोई समाचार नहीं आया है कि इन गांवों में काले तेन्दुआ को देखा गया है। यदि इन आसपास के गांवों में किसी भी व्यक्ति को काला तेन्दुआ दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग छुरिया को अवगत करायें।

**मां दन्तेश्वरी पहाड़ी मंदिर पर फिर से दिखेगा काला तेन्दुआ**- जैसा कि जंगली जानवरों के अनुभवी लोगों ने बताया कि 3 दिन से दिखाई नहीं दिया है इसका मतलब यह नहीं है कि काला तेन्दुआ यहां से चला गया है। वह अपने बच्चों के लिये भोजन की तलाश में शिकार पर गया होगा क्योंकि उसके 3 बच्चे अभी भी मां दन्तेश्वरी पहाड़ी में हैं उनके भोजन की व्यवस्था करने के बाद वापस फिर से दिखाई दे सकता है।

## समाचार संक्षेप

### शहर कांग्रेस ने ईडी एवं केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला फूंका




**रायपुर 02 मार्च।** प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा प्रदेश कांग्रेस को जारी समन के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी द्वारा बिंदुवार जानकारी उपल्बध कराये जाने के बाद भी जबरिया ईडी कार्यालय मे घंटो बैठाया गया और आगामी 3 मार्च को पुनः ईडी कार्यालय मे उपस्थित होने का निर्देश दिया। प्रवर्तन निदेशालय भारतीय जनता पार्टी का अनुशांगिक संगठन के भांति कार्य कर रहा है और हमारी पार्टी व कार्यकर्ताओ को प्रताडित कर रही है। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा द्वेशपूर्ण तरीके से सरकारी संस्थान प्रवर्तन निदेशालय ईडी को अपनी कठपुतली बनाकर कुट रचना कर कांग्रेस पार्टी को एवं उनके कार्यकर्ताओ को जान बुझकर परेशान करने के लिए तथ्यहीन आरोप लगाकर बदनाम करने का प्रयास कर रही है। उनको झूठे मामलो मे जेल भेजना आफिस मे बुलाकर प्रताडित करना जैसे काम कर रही है। भाजपा का कुशासन मे उनका सेवेन स्टार कार्यालय बनना देश दुनिया के तमाम ऐशोआराम के चीजो से सुज्जित उनके कार्यालय को जांच के दायरे मे न लेकर, कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने कार्यकर्ताओ से चंदा लेकर बनाया गया कांग्रेस भवन को जांच के दायरे मे लाना बेहद ही निम्न स्तर की राजनीति से प्रेरित है।

### गोपालपुर से रोशनी भुवन कोर्राम बनी सरपंच



**छुरिया, 02 मार्च।** ग्राम पंचायत गोपालपुर, बजरंगपुर,भेजराटोला, के रोशनी भुवन कोर्राम सरपंच चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अश्वन मंडावी को 13 वोटो से हराकर विजयी प्राप्त किया । कोर्राम परिवार एवं समस्त ग्रामवासी में खुशी का माहौल देखा गया सभी ने एक दूसरे को मिठाई एवं गुलाल लगाकर और आतिशबाजी कर स्वागत किया और हर्ष जताया सबसे बड़ी बात यह है कि रोशनी 24 वर्षीय शिक्षित महिला है जिन्होंने कभी चुनाव मैदान में नहीं उतरा था लेकिन उन्होंने काटे की टक्कर से विजय प्राप्त किया और कहा मैं पद की गरिमामयी उपयोग एवं तीनों गांवों की समस्या मेरी समस्या कहते हुए हर्ष जाताया। सरपंच प्रत्याशी विजय घोषित होने पर बधाई देने के लिए ग्राम प्रमुख हेमसिग पटेल भूतपूर्व उपसरपंच राजकुमार साहू, कीर्तन साहू, समाजसेवी रितेश साहू सुकालू राम एवं समस्त ग्रामवासी।

### महाकाल चौक में मना महाकाल भक्त राजू डागा का जन्मदिन



**राजनांदगांव, 02 मार्च।** व्यापारियों के राष्ट्रीय स्तर के संगठन कैट के जिला अध्यक्ष एवं महाकाल भक्त 57 वर्षीय राजू डागा का जन्मदिन शहर के हृदय स्थल महाकाल चौक में हर्सोल्लास पूर्वक मनाया गया। उनके शुभचिंतक शुक्रवार को उनके जन्मदिन के अवसर पर महाकाल चौक में केक काटकर बधाइयां दी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षद राजा मखीजा, शहर सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, लाल बागेश्वर सिंधी कॉलोनी से संजय तेजवानी, फ्रूट मार्केट से मुरली फ़गवानी, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष शरद अग्रवाल, जिला भाजपा से आलोक बिंदल ,अशोक पांडे, प्रसिद्ध उद्योगपति राजेश बैद, गप्पू सोनकर , मामराज जी अग्रवाल, राधेश्याम गुप्ता, सुरेश पंजवानी, चंद्रेश जैन, विकास साहू , राजेश गुप्ता, मनीष गौतम ,राकेश जोशी, शुभम उपाध्याय, मनोज देवांगन ,राजकुमार बाफना, तरनदीप अरोरा, प्रसिद्ध उद्योगपति राजेश भाई सहित वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी और राजनीतिक दल के लोग भी उपस्थित थे।

### खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनाई अपनी पहचान: सिंह



**राजनांदगांव 02 मार्च।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव जिले के शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पदक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को उच्चतम अंक प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने उन्होंने दिग्विजय महाविद्यालय के बालक-बालिका छात्रावास के पूरे सेटअप को इस बजट में स्वीकृत करने की बात कही। राजनांदगांव में नालंदा परिसर की तर्ज पर 11 करोड़ रूपए की लागत से लाईब्रेरी स्थापित की जाएगी। इसको बजट में प्रावधान किया जाएगा। उसके बाद स्वीकृत किया जाएगा। नालंदा परिसर में यूपीएससी, पीएससी और दूसरे अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बहुत बेहतर लायब्रेरी, परिसर और 24 घंटे पढ़ाई के लिए परिसर खुला रहेगा। यहां सभी प्रकार की पुस्तके उपलब्ध रहेंगी। इस लायब्रेरी में यूपीएससी, पीएससी और दूसरे अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तके उपलब्ध रहेंगी। इस परिसर में विद्यार्थी दिन और रात में पढ़ाई कर सकते हैं। प्रयास का केन्द्र जहां पीईटी, पीएमटी के विद्यार्थियों के लिए रहकर तैयारी करते हैं। इसके लिए 100 सीट को बढ़ाकर 400 सीट आवासीय परिसर राजनांदगांव को मिलेगा। जिसमें आने वाली युवा पीढ़ी और गरीब एवं जरूरत मंद परिवारों के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर बने और यहां उन्हें बेहतर लाभ मिले इसके लिए भी स्वीकृति दी जाएगी।

## भृगु पराशर एक स्वतंत्र गायक-गीतकार और योग्य ऑडियो इंजीनियर हैं

एक गायक के रूप में, उन्होंने बॉलीवुड फिल्म लुका छुपी के हिट गीत दुनिया के आउट्रो में अपनी आवाज़ दी है। इसके अलावा, उन्होंने गुजराती फिल्म तारो थायो, डिज़्नी+ हॉटस्टार सीरीज़ लाइफ हिल गई और



नेटफ्लिक्स सीरीज़ खाकीः द बिहार चैप्टर में भी अपनी आवाज़ दी है। एक गीतकार के रूप में, उन्होंने बॉलीवुड फिल्म गुमराह के टाइटल ट्रैक (सचेत-परंपरा, अभिजीत वघानी) और अंतरराष्ट्रीय सहयोगी गीत शट अप (तुलसी कुमार, किडी, तनिष्क बागची) के लिए गीत लिखे हैं, जो टी-सीरीज़ के तहत जारी हुआ था। उनके गीत लेखन का योगदान टी-सीरीज़, सारेगामा, ज़ी म्यूजिक और टाइम्स म्यूजिक जैसे प्रमुख लेबल द्वारा जारी किए गए सिंगल्स तक फैला हुआ है। स्वतंत्र रूप से एक संगीतकार, गीतकार और गायक के रूप में काम करने के साथ-साथ, उन्होंने संगीत निर्देशक अभिजीत वघानी के साथ भी नज़दीकी तौर पर काम किया है और जैम 8 में एक कंपोज़र/प्रोग्रामर के रूप में योगदान दिया है। इसके अलावा, उन्होंने फ्रंटरो में एक प्रशिक्षक के रूप में भी अपनी विशेषज्ञता साझा की है।

# दुपहिया अराजकता और हास्य का मिलन!


**मुंबई.** भारत का सबसे पसंदीदा मनोरंजन डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो, ने आज अपनी आगामी ओरिजिनल सीरीज़ दुपहिया का दिलचस्प ट्रेलर जारी किया। सलोना बैंस जोशी और शुभ शिवदासानी द्वारा उनके बैनर बॉम्बे फिल्म कार्टेल के तहत रचित और कार्यकारी र्निमत है। सोनम नायर द्वारा निर्देशित और अविनाश द्विवेदी एवं चिराग गर्ग द्वारा लिखित और रचित यह सीरीज़ एक काल्पनिक गाँव धड़कपुर की पृष्ठभूमि पर आधारित एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो छोटे शहर के आकर्षण के साथ हास्य और नाटक का अनूठा मिश्रण पेश करती है। मज़ेदार किरदारों, अराजकता और रहस्यमयी घटनाओं के बेहतरीन मेल के साथ, इस ओरिजिनल सीरीज़ को एक शानदार और बहुप्रतिभाशाली कलाकारों की टीम ने जीवंत बनाया है, जिसमें गजराज राव, रेणुका शहाणे, भुवन अरोड़ा, स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी, और यशपाल शर्मा मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे। यह सीरीज़ 7 मार्च को भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से स्ट्रीम की जाएगी। ट्रेलर की शुरुआत काल्पनिक गाँव धड़कपुर से होती है, जिसे ₹बिहार का बेल्जियम₹ भी कहा जाता है। यह गाँव अपने 25 वर्षों तक अपराध-मुक्त रहने का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा है। लेकिन तभी अराजकता फैल जाती है, जब शादी के तोहफे के रूप में खरीदी गई एक अनोखी मोटरसाइकिल शादी से ठीक 7 दिन पहले चोरी हो जाती है! अब, जब शादी का भविष्य अधर में लटक जाता है, तो दुपहिया को खोजने के लिए परिवार और दुल्हन के पूर्व प्रेमी की यात्रा इस कॉमेडी का केंद्र बन जाती है, जो साधारण लोगों की आशाओं और सपनों को खूबसूरती से दर्शाती है।




दुपहिया में दुल्हन के पिता बनवारी झा की भूमिका निभा रहे गजराज राव ने सीरीज़ को लेकर अपना उत्साह साझा किया, ₹दुपहिया ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसका हिस्सा बनकर मैं वाकई रोमांचित हूं। एक गणित शिक्षक, बनवारी झा का किरदार निभाना, जो अपनी बेटी की ख़ुशी के लिए गणनाओं को किनारे रखकर सिर्फ दिल की सुनता है, और मेरे लिए यह एक शानदार अनुभव रहा। यह सीरीज़ सलोना बेंस जोशी, सोनम नायर और शुभ शिवदासानी के बेहतरीन सहयोग का नतीजा है, जिसमें एक जबरदस्त कास्ट और क्रू ने काम किया है। यह छोटे शहर की ज़िंदगी की खूबसूरती, उसके अनोखेपन, हलचल और आकर्षण को शानदार तरीके से प्रस्तुत करती है, जहां हास्य और भावनाओं का खूबसूरत मिश्रण देखने को मिलेगा। मैं दर्शकों के साथ इस मज़ेदार और हंसी से भरपूर सफ़र को साझा करने के लिए उत्सुक हूं, जब दुपहिया 7 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज़ होगी। रेणुका शहाणे, जो सीरीज़ में सरपंच पुष्पलता की भूमिका निभा रही हैं, ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ₹पुष्पलता का किरदार अब तक निभाए गए किसी भी किरदार से बिल्कुल अलग है। धड़कपुर की एक दृढ़-संकल्पी और दिलचस्प सरपंच के रूप में, इस भूमिका ने मुझे एक अभिनेत्री के रूप में अपनी क्षमताओं को तलाशने और उसमें विस्तार करने का अवसर दिया। सोनम नायर और इस शानदार कास्ट के साथ काम करना अविश्वसनीय रूप से संतोषजनक अनुभव था और इसका प्रभाव सीरीज़ के हर दृश्य में देखने को मिलता है। दुपहिया एक बेहतरीन हृदयस्पर्शी कॉमेडी है, जो छोटे शहरों के लोगों की उम्मीदों, सपनों और आकांक्षाओं को खूबसूरती से दर्शाती है। मैं 7 मार्च को भारत और दुनिया भर में प्राइम वीडियो के दर्शकों के साथ इस सीरीज़ को साझा करने के लिए उत्साहित हूं। सीरीज़ में रोशनी झा (दुल्हन) की भूमिका निभा रही शिवानी रघुवंशी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, ₹दुपहिया में रोशनी झा का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद आनंददायक रहा। वह एक मज़ेदार और प्यारा किरदार है, जो अपनी ही दुनिया में रहती है, लेकिन उसे अच्छे से पता है कि वह क्या चाहती है। वह मासूम है, लेकिन दृढ़संकल्पी भी, परिस्थितियों से प्रभावित हुए बिना अपनी बात बेझिझक कहने वाली। यह अब तक निभाए गए किसी भी किरदार से अलग अनुभव था। रोशनी को जीवंत करना मेरे लिए रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दोनों था। दुपहिया की पूरी यात्रा, स्क्रिप्ट से लेकर इस अविश्वसनीय टीम तक, मेरे लिए बेहद खास रही। सेट की ऊर्जा ने इसे मेरे अब तक के सबसे बेहतरीन अनुभवों में से एक बना दिया। मेड इन हेवन के बाद प्राइम वीडियो पर लौटना घर आने जैसा लगता है, लेकिन इस बार एक बिल्कुल अलग तरह के वेडिंग ड्रामा के साथ।

## अटूट भक्ति, शक्ति व त्याग की प्रतीक जयश्री दादी की प्रेरक सच्ची कथा

भारत में भक्ति या डिवोशनल कंटेंट का इतिहास काफी पुराना रहा है। रामानंद सागर का सीरियल 'रामायण' हो या बी.आर चोपड़ा की 'महाभारत' हो, इन्हें लोगों का ख़ूब प्यार मिला है। इस सप्ताह 26 फरवरी 2025 को एक डिवोशनल फ़ल्मि मोटी सेठानी रिलीज़ हुई है जो सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चल रही है। मोटी सेठानी एक ऐसी भक्ति फिल्म है जो नारायणी की प्रेरक यात्रा को बड़े पर्दे पर प्रभावी रूप से दर्शाती है, जो महाभारत से अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा का पुनर्जन्म है। इस जीवन में, उन्हें रानी जयश्री सती दादी के रूप में जाना जाता है, वह अटूट भक्ति, शक्ति और त्याग की प्रतीक रही हैं। इस फ़ल्मि में जबर्दस्त भक्ति अपील है, मंत्रमुग्ध करने वाले दृश्यों और भावनात्मक कथा के कारण मोटी सेठानी को भक्तों के साथ साथ सिनेप्रेमियों का भी भरपूर प्यार मिल रहा है। यह फिल्म केवल एक सिनेमाई अनुभव नहीं है बल्कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है जो दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ रही है। फ़ल्मि देखते समय आपके मन मस्तिष्क पर अध्यात्म, भक्ति, महिला शक्ति का गहरा असर पड़ता है। ऐसी फिल्में दर्शकों को संगीत,




भावनाओं के माध्यम से दर्शकों को भक्तिमय और आध्यात्मिक करती हैं। यह फिल्म नारायणी के असाधारण सफर और उनके गहरे आध्यात्मिक संबंध को दर्शाती है। उनकी कहानी अनगिनत लोगों के जीवन को प्रभावित करती है, क्योंकि वह हिम्मत और विश्वास की प्रतिमूर्ति बन जाती हैं। राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित यह कथा बहुत भव्यता के साथ सामने आती है, जिसमें उनके जीवन, उनके बलिदान और उनकी यात्रा को दर्शाया गया है। राजस्थान के झुंझुनू में उनका मुख्य मंदिर देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक है, जहाँ हज़ारों भक्त उनका आशीर्वाद लेने आते हैं। दुनिया भर में उनके 900 से ज़्यादा मंदिर हैं, रानी सती दादी लाखों लोगों के लिए मार्गदर्शक शक्ति बनी हुई हैं, उनके जीवन को इस फ़ल्मि में बखूबी पेश किया गया है। मोटी सेठानी ने एक शक्तिशाली कहानी कहने का सफल प्रयास किया है जिसमें भक्ति का सार है, एक महिला की अटूट भावना है, प्रेम और दृढ़ संकल्प की ताकत है। शक्ति और बलिदान की झलक दर्शाती इस फ़ल्मि में नारायणी का किरदार अनन्या बुबना ने नेचुरल तरीके से निभाया है, जबकि चाइल्ड आर्टिस्ट लिनिषा गुप्ता युवा नारायणी के रोल में हैं। मोहित शर्मा और दिवाकर पाठक ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रसाडा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फिल्म मोटी सेठानी भक्ति और इतिहास को जीवंत करने का एक प्रयास है। फिल्म रानी सती दादी की विरासत के सार के प्रति सच्ची सिद्ध हुई है। इस प्रेरक कहानी के माध्यम से फ़ल्मि क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को बड़ी सुंदरता से दिखाती है। कहानी में ऐतिहासिक और धार्मिक प्रामाणिकता नज़र आती है।

## गीतांजलि मिश्रा ने महाकुंभ में किया अमृत स्नान!


एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने हाल ही में महाकुंभ में एक खास आध्यात्मिक अनुभव लिया, जहाँ उन्होंने संगम नदी में डुबकी लगाई। 12 साल में एक बार होने वाला यह आयोजन हिंदू धर्म के सबसे पवित्र उत्सवों में से एक है, जहां लाखों लोग आत्मिक शुद्धिकरण और आस्था के लिए आते हैं। गीतांजलि के लिए यह सिर्फ एक परंपरा नहीं थी, बल्कि विश्वास, भक्ति और शांति से भरा एक गहरा अनुभव था। इस खास पल को याद करते हुए गीतांजलि ऊर्फ राजेश ने कहा, "महाकुंभ में होना एक अद्भुत अहसास था। वहाँ की ऊर्जा, मंत्रों की गूंज और लोगों की आस्था देखकर मैं भाव-



विभोर हो गई। अमृत स्नान से पहले, मैं घाट पर टहल रही थी। धूप-अगरबत्ती की खुशबू, शंख की आवाज़ और ध्यान में बैठे साधुओं को देखकर मुझे ऐसा लगा कि मैं किसी दूसरी दुनिया में आ गई हूं। यह मेरे लिए एक आध्यात्मिक यात्रा की तरह था। मैंने जो भी प्रार्थनाएँ सुनीं और मंत्रों की गूंज को महसूस किया, उससे भगवान के प्रति मेरा विश्वास और गहरा हो गया। जब मैंने आखिरकार पवित्र नदी में कदम रखा, तो ऐसा लगा जैसे संगम के जल ने मेरी आत्मा को छू लिया और मेरी सारी चिंताओं को बहा कर ले गया।" अपनी इस यात्रा के महत्व के बारे में बताते हुए, गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''प्रयागराज शहर की आध्यात्मिक ऊर्जा को महसूस करना एक अनोखा अनुभव था। इतनी भारी भीड़ के बावजूद, वहाँ के लोगों ने जो श्रद्धा और प्रेम दिखाया, वह दिल को छू लेने वाला था। आयोजकों ने 43 दिनों तक लगातार काम करके यह सुनिश्चित किया कि हर भक्त को एक अच्छा और यादगार अनुभव मिले। देश की इतनी बड़ी आबादी एक ही स्थान पर जुटी थी, लेकिन हर तरफ भक्ति, अनुशासन और दया की भावना देखने को मिली। इतने विशाल आयोजन का हिस्सा बनना, जो चार से पांच पीढ़ियों में केवल एक बार होता है, मेरे लिए भगवान का आशीर्वाद पाने जैसा था। अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान मैंने पवित्र श्री नागवासुकी मंदिर और श्री बड़े हनुमानजी मंदिर के दर्शन भी किए, जो धार्मिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माने जाते हैं।'

## भगवान शिव की भूमिका निभाना मेरे सफर का अभिन्न हिस्सा गया है

मुंबई, फरवरी 2025ः जाने-माने कलाकार तरुण खन्ना सोनी सब के बहुप्रतीक्षित आध्यात्मिक महागाथा 'वीर हनुमान' की शानदार कास्ट में शामिल हो गए हैं। वे इस शो में 11वीं बार भगवान शिव की प्रतिष्ठित भूमिका निभाने जा रहे हैं। 11 मार्च से रात 7:30



बजे प्रसारित होने वाले इस पौराणिक धारावाहिक में भगवान हनुमान के जीवन की अद्भुत यात्रा को दर्शाया जाएगा—कैसे वे एक बालक से अपने दिव्य शक्तियों के रहस्योद्घाटन तक पहुँचे। रोचक कहानी और दमदार किरदारों से भरपूर यह शो दर्शकों को एक आध्यात्मिक और प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाने का वादा करता है।

तरुण खन्ना पौराणिक किरदारों के लिए कोई नया नाम नहीं हैं। हाल ही में उन्होंने 'श्रीमद् रामायण' में भी भगवान शिव की भूमिका निभाकर दर्शकों को प्रभावित किया था। इस विधा में उनकी गहरी समझ हर किरदार को जीवंत बना देती है। 'वीर हनुमान' में उनकी उपस्थिति बेहद खास है, क्योंकि हनुमान जी को शिव अंश (भगवान शिव के अवतार) माना जाता है।

## वीर हनुमान अद्भुत आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार

सोनी सब अपने आगामी भव्य और दिव्य धारावाहिक 'वीर हनुमान' के साथ दर्शकों को एक अद्भुत आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है। इस शो में आन तिवारी (बाल हनुमान), आरव चौधरी (केसरी), सायली सालुंखे (अंजनी) और माहिर



पंधी (बाली और सुग्रीव) मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे! 11 मार्च से प्रसारित होने वाले इस शो में बाल मारुति के अद्भुत सफर को दर्शाया जाएगा, जहां वे वर्षों में अपने शक्तिशाली स्वरूप भगवान हनुमान में परिर्वतत होते हैं।

इस शो के भव्य और अद्भुत सेट को प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और प्रोडक्शन डिज़ाइनर ओमंग कुमार ने डिज़ाइन किया है। यह सेट न केवल कलात्मक उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भी परिचय देता है। भगवान हनुमान के पवित्र जन्मस्थान, किष्किंधा साम्राज्य को तीन महीने की कड़ी मेहनत के बाद र्निमत किया गया है। इसमें हर एक तत्व को उस युग के विवरणों से मेल खाने के साथ-साथ स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

## पोको 12 जीबी रैम व अन्य सुविधा के साथ लॉन्च करेगा स्मार्टफोन

भारत के प्रमुख कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको अपने नए स्मार्टफोन, पोको M7 5G को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसे इस सेगमेंट में एक बड़ी पेशकश माना जा रहा है। दमदार प्रदर्शन और बेहतरीन मल्टीटास्किंग पर फोकस करते




हुए, पोको M7 5G अपने सेगमेंट में अकेला स्मार्टफोन है, जिसमें 12 जीबी रैम और स्नैपड्रैगन® 4 जेन 2 प्रोसेसर की खूबी है। यूजर्स को शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया, पोको M7 5G बेहतरीन मल्टीटास्किंग, शानदार प्रदर्शन और बेजोड़ दक्षता प्रदान करता है, जो इसे अपनी श्रेणी में गेम-चेंजर बनाता है। डिवाइस का पहला लुक कल पोको इंडिया के सोशल मीडिया पर एक विशेष केवी ड्रॉप के माध्यम से पेश किया गया जिससे उत्साह काफी बढ़ गया है। पोको M7 5G शानदार परफॉर्मेंस, बेहतरीन मल्टीटास्किंग और पावर-पैक दक्षता सुनिश्चित करता है। लॉन्च से पहले रोमांच बढ़ाने के लिए, डिवाइस का पहला लुक कल पोको इंडिया के सोशल मीडिया हैंडल पर केवी ड्रॉप के माध्यम से पेश किया गया था। उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है! इसे 3 मार्च, 2025 को दोपहर 12 बजे लॉन्च किया जाएगा।

## प्रतिभाशाली अभिनेत्री भैरवी ने तेलुगु सिल्वर स्क्रीन पर किया डेब्यू

टॉलीवुड एक नई ग्लैमरस जोड़ी का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है! खूबसूरती और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण करने वाली अभिनेत्री भैरवी तेलुगु सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। वह तथास्तु क्रिएशन्स बैनर के तहत प्रोडक्शन नंबर 1 में मुख्य भूमिका निभा



रही हैं, जिसमें उनके साथ प्रसिद्ध गायिका सुनीता के बेटे आकाश हैं, जिन्होंने सरकार नौकरी से प्रसिद्धि पाई थी। अपनी पहली फिल्म होने के बावजूद, भैरवी ने परिपक्वता और कौशल से भरपूर अभिनय किया है। फिल्म यूनिट के अनुसार, भावनात्मक और भावुक दृश्यों में उनका अभिनय दूसरे स्तर का है। टीम को विश्वास है कि फिल्म की रिलीज के बाद, भैरवी तेलुगु दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ेगी। शिव द्वारा निर्देशित और थाती बालकृष्ण द्वारा निर्मित, इस फिल्म में रघु बाबू, प्रुध्वी और प्रभावती जैसे वरिष्ठ कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, निर्माता थाती बालकृष्ण ने साझा किया, ₹यह फिल्म एक गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित है और एक रोमांटिक प्रेम सस्पेंस कॉमेडी है। आकाश, जिन्हें सरकार नौकरी में

# एण्ड टीवी पर होगा ढेर सारा मनोरंजन!

एण्डटीवी के शोज 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शक अपने चहेते किरदारों को परेशानियों में फंसा हुआ देखेंगे। 'भीमा' की कहानी के बारे में बताते हुए, शो में मेवा की भूमिका निभा रहे अमित भारद्वाज ने कहा, ''भीमा (तेजस्विनी सिंह) अपने लोगों को एकजुट करती है और उनसे आग्रह करती है कि वे उठें और बबीता को न्याय दिलाने के लिये लड़ें। यह लोग हाथों में मशालें लेकर गर्जन कोठी की ओर बढ़ते हैं और न्याय की मांग करते हैं। पुलिस स्टेशन में भीमा एफआईआर करवाने पर अड़ जाती है और उसके पास एक महत्वपूर्ण सबूत भी है- अपराध वाली जगह पर मिली काले मोतियों की माला का एक नग। तभी एक आदमी आगे बढ़कर झूठा दावा करता है कि वह नग उसका है। भीमा के अनुरोध करने पर भी वह नहीं मानता है। इस बीच, कैलाशा बुआ (नीता मोहिन्द्रा) अपने विरोधियों को सजा देने की योजना बनाती हैं। भीमा पर कोई असर नहीं होता है और वह शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताती है। वह पुओं के अवशेाों को हटाने से मना कर देती है, जब तक कि उनकी गरिमा के सम्मान की गारंटी लिखित में न मिले।''

'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में, हप्पू सिंह की भूमिका निभा रहे योगेश त्रिपाठी ने बताया, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) का



एक पुराना कांस्टेबल दोस्त पुलिस स्टेशन आकर उससे मिलता है और बताता है कि उसने होटल का बिजनेस शुरू करने के लिये अपनी नौकरी छोड़ दी थी। और उसका बिजनेस अब काफी अच्छा चल रहा है। उसने अपने होटल की दो-तीन ब्रांचेस भी खोली हैं। अपने दोस्त की कामयाबी देखकर हप्पू भी बिजनेस शुरू करने की सोचता है। उसी शाम वह बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) को यह आइडिया देता है। बेनी की वकालत भी अच्छी नहीं चल रही है और वह सलाह देता है कि दोनों को मिलकर बिजनेस शुरू करना चाहिये। वह हप्पू को बताता है कि उसे अपने एक भरोसेमंद सूत्र से पता चला है कि कानपुर के बाहर एक नया हाईवे बनेगा और अभी वहाँ की जमीन बहुत सस्ती है। हाईवे बनने के बाद जमीन के दाम आसमान छूएंगे, ऐसा मानकर वे निवेश करने का फैसला लेते हैं। हालांकि पूरा पैसा न होने पर वे चुपचाप अपने घरों को गिरवी रख देते हैं और अपने परिवारों को इसकी भनक नहीं लगने देते हैं। बाद में उन्हें पता चलता है कि हाईवे प्रोजेक्ट एक घोटाला था और कोई हाईवे नहीं बनने जा रहा है। अब वह फंस चुके हैं और उन्हें नहीं पता कि अपने परिवारों को यह बात कैसे बताएं।'''भाबीजी घर पर हैं' की मौजूदा कहानी पर चर्चा करते हुए, विभूति नारायण मिश्रा की भूमिका निभा रहे आसिफ शेख ने कहा, ''तिवारी (रोहिताश्व गौड़) को जलन होने लगती है.

# सस्पेंस और कॉमेडी से भरा सप्ताह

एण्डटीवी के शोज 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' की आने वाली कहानियों में मनोरंजन का स्तर एक अलग मुकाम पर होगा! एण्डटीवी के शो 'भीमा' के बारे में, मेवा की भूमिका निभा रहे अमित भारद्वाज ने बताया, ''कैलाशा बुआ (नीता मोहिन्द्रा) दूसरे गांव के अन्य समुदाय से मजदूर लाने की धमकी देती है, लेकिन विशम्भर (विक्रम द्विवेदी) उसे उनकी पुराने दौर की एकता याद दिला देता है। भीमा (तेजस्विनी सिंह) अपने इरादों पर कायम है और कुंदन तथा छबीला के साथ मिलकर पशुओं का चमड़ा हटा देती है। ऊँची जाति के एक विवाह समारोह में रमेश उससे प्रभावित होता है। कैलाशा बुआ गुस्से में आकर भीमा का उत्साह तोड़ने के लिये मेवा (अमित भारद्वाज) का अपहरण करवा देती है। मेवा की रिहाई के बदले वह चाहती है कि भीमा यह लड़ाई छोड़ दे और अपने समुदाय के लोगों पर दबाव बनाये कि वे बिना मजदूरी मांगे पशुओं की खाल उतारते रहें।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में हिमानी शिवपुरी, ऊर्फ कटोरी अम्मा ने बताया, ''मलाइका (सोनल पंवार) एक लड़के से टकराती है और उस लड़के को तुरंत उससे प्यार हो जाता है। वह लड़का दक्षिण भारत का है और काम करने के लिये कानपुर आया है।



वह मलाइका को प्रपोज करता है, लेकिन वह मना कर देती है। इस बीच, मलाइका के परिवार को उसकी शादी की चिंता है और उस पर लगातार सेटल होने का दबाव बनाया जा रहा है। इससे बचने के लिये मलाइका झूठ बोलती है कि वह पहले से किसी को पसंद करती है। यह सुनकर उसका परिवार लड़के से मिलने की जिद करता है। हालांकि, लड़के के परिवार की एक शर्त है कि उनका बेटा दक्षिण भारतीय परिवार में ही शादी करेगा। उन्हें इम्प्रेस करने के लिये हप्पू (योगेश त्रिपाठी) और उसका परिवार दक्षिण भारतीय होने का नाटक रचते हैं। लेकिन अपनी सारी कोशिशों के बावजूद, वे बड़ी मजेदार गलतियाँ कर बैठते हैं।'' एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' के बारे में रोहिताश्व गौड़, ऊर्फ मनमोहन तिवारी ने कहा, ''तिवारी (रोहिताश्व गौड़) को पता चलता है कि अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) को दक्षिण भारतीय लोग खासतौर से पसंद हैं। अनीता को इम्प्रेस करने के लिये वह कहता है कि उसका एक दोस्त साउथ की फिल्म इंडस्ट्री में स्टंट मास्टर है और अभी कानपुर में ही शूटिंग कर रहा है। अनीता रोमांचित होकर तिवारी के इस दोस्त से मिलने की इच्छा जताती है। अपना झूठ कायम रखने के लिये तिवारी एक दक्षिण भारतीय पुरुष की वेशभूषा में आ जाता है। वह अंगूरी (शुभांगी अत्रे) से कहता है कि कुछ लोग उसके पीछे पड़े हैं और उनसे बचने के लिये उसने यह वेशभूषा बनाई है।

## जो प्रेम और तड़प के बीच फंसी है

सब का लोकप्रिय शो 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी, नए किस्से' अपने दर्शकों के लिए भावनात्मक और प्रासंगिक कहानियाँ पेश करता आ रहा है, जो हर पीढ़ी के दिल को छूती हैं। अब इस शो में प्रतिभाशाली अभिनेत्री रश्मि देसाई की एंट्री हो रही है, जो मीनाक्षी कपूर का किरदार निभाएंगी। मीनाक्षी एक आत्मनिर्भर, स्पष्टवादी और मजबूत इरादों वाली महिला हैं, जिनकी मौजूदगी



वागले परिवार के जीवन में एक नया भावनात्मक अध्याय जोड़ने वाली है।

मीनाक्षी वागले परिवार में एक दूर की रिश्तेदार बनकर प्रवेश करती हैं। हालांकि, जल्द ही एक चौंकाने वाला सच सबके सामने आता है कि – मीनाक्षी, छोटी किट्टू (माही सोनी) की जैविक माँ हैं। एक सफल, आत्मनिर्भर और बुद्धिमान महिला होने के बावजूद मीनाक्षी वर्षों से मातृत्व के लिए तड़प रही हैं। अपने बच्चे के प्रति उनका गहरा प्रेम उन्हें कुछ कठोर फैसले लेने के लिए मजबूर कर देता है।

इसके बाद कहानी में एक संघर्षपूर्ण कोर्ट केस शुरू होता है, जिसका फैसला मीनाक्षी के पक्ष में आता है और वह किट्टू की कस्टडी जीत लेती हैं। लेकिन जब वह अपनी बेटी को अपने साथ ले जाने की तैयारी करती हैं, तो उन्हें यह अहसास होता है कि मातृत्व केवल कानूनी अधिकारों तक सीमित नहीं है.

## तेनाली रामा की अब तक की सबसे बड़ी चुनौती लच्छम्मा को बचाने के लिए

सोनी सब का तेनाली रामा अपनी रोमांचक कहानियों से दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है, जिसमें प्रतिभाशाली कृष्ण भारद्वाज ने प्रसिद्ध दरबारी कवि और चतुर रणनीतिकार तेनाली रामा की भूमिका को जीवंत किया है। हाल के एपिसोड्स में तेनाली रामा और



तथाचार्य (पंकज बेरी) जब रक्त पुष्प की खोज कर रहे होते हैं, तब खुद को एक विशाल चट्टान के नीचे फंसा पाते हैं। इसी दौरान, लच्छम्मा (आरिया सकारिया) की हालत बिगड़ती जा रही है। आने वाले एपिसोड्स में तेनाली रामा लच्छम्मा को बचाने के लिए एक खतरनाक यात्रा पर निकलते हैं। लच्छम्मा ने ही बहादुरी से गिरगिट राज (सुमित कौल) के घातक जाल से विजयनगर को बचाया था। हालांकि, इस मिशन में उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जो उनकी बुद्धिमत्ता की सबसे कठिन परीक्षा होती है। तथाचार्य, धनी और मनी के साथ मिलकर, तेनाली को पांच कठिन चुनौतियों को पार करना होगा ताकि वह रक्त पुष्प प्राप्त कर सके—जो लच्छम्मा को बचाने का एकमात्र उपाय है। इसी दौरान, गिरगिट राज और राजा कृष्णदेवराय (आदित्य रेडिज) के बीच जबरदस्त टकराव होता है.

## अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले क्या काम करते थे

एन्टरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने से पहले, कई कलाकारों ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए अलग-अलग नौकरियां कीं। किसी ने कॉफी सर्व की, किसी ने डांस कोरियोग्राफ किया, तो किसी ने कॉर्पोरेट सेक्टर में काम किया। ये शुरुआती



अनुभव न सिर्फ उनके सफर का हिस्सा बनने, बल्कि उन्होंने जज्बे, मेहनत और अपने हुनर के प्रति समर्पण भी सिखाया। एण्डटीवी के कलाकार अपनी पहली नौकरियों, उनसे मिली सीख और इन अनुभवों के अभिनय कॅरियर पर पड़े प्रभाव को साझा कर रहे हैं। अमित भारद्वाज ऊर्फ 'भीमा' के मेवा ने कहा, ''इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले, मैं जुहू में एक कॉफी शॉप में काम करता था। यह मेरे लिये सिर्फ कमाई का एक जरिया ही नहीं था, बल्कि यह मुंबई में मेरा पहला वास्तविक कनेक्शन था। पहले छह महीने मैंने भले ही लोगों को कॉफी पिलाई, लेकिन उस दौरान मैंने जो सीखा, वो पूरी जिंदगी साथ रहने वाला अनुभव है। इसने मुझे इंसानियत, सहनशीलता और कड़ी मेहनत की अहमियत सिखाई। ग्राहक के साथ साझा की गई हर मुस्कान, हर लंबी शिफ्ट और संदेह के हर क्षण ने मुझे गढ़ा। उसी जगह पर, ताज़े कॉफी की

## सितारे कैसे मनाते हैं शिवरात्रि का त्योहार

महाशिवरात्रि, भगवान शिव को सर्मिपत सबसे पावन त्योहारों में से एक है, जो लाखों भक्तों के लिए गहरी आध्यात्मिक आस्था रखता है। यह दिन भक्ति, आत्मचिंतन और दिव्य आशीर्वाद पाने की प्रार्थना का प्रतीक है। एण्डटीवी के कलाकार बता रहे हैं कि वे महाशिवरात्रि कैसे मनाते हैं, कौन-सी परंपराएं निभाते हैं, और इस पवित्र अवसर पर भगवान शिव से उनका विशेष जुड़ाव कैसा रहता है। इन कलाकारों में शामिल हैं - गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश ने कहा, '' महाशिवरात्रि मेरे लिए हमेशा गहरी आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक रहा है। मैं भगवान शिव की नगरी वाराणसी की रहने वाली हूं, जहां महाशिवरात्रि के उत्सव का अनुभव दिव्यता से भरा होता है। अपने परिवार के साथ इस त्योहार को मनाने से जुड़ी मेरे मन में कई खूबसूरत यादें हैं। मेरी मां का एक खास नियम था- इस दिन वह भगवान शिव के सामने दीप जलातीं, शिवलिंग पर जल और बेल पत्र चढ़ातीं और गहरी साधना में लीन हो जातीं। उनकी भक्ति ने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला, और आज भी मैं वही परंपरा निभाती हूं। हर महाशिवरात्रि, मैं दीपक जलाती हूं, शिवलिंग पर जल अर्पित करती हूं और ध्यान करती हूं, जिससे इस पवित्र दिन की ऊर्जा को महसूस कर सकूं। यह समय मुझे आत्मिक रूप से संतुलित रहने, आंतरिक शांति पाने और जीवन के आशीर्वाद के लिए आभार प्रकट करने में मदद करता है। इस वर्ष, मैं त्रयंबकेश्वर जाने की योजना बना रही हूं.

## एक नजर

### जिले के 18 केन्द्रों में आज से बोर्ड परीक्षा प्रारंभ

**सुकमा, 02 मार्च।** सुकमा जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 1 मार्च 2025 से



बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ किया जा रहा है। जिले के जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी ने बताया कि 1 मार्च 2025 से प्रारम्भ बोर्ड परीक्षा के लिए इस वर्ष 18 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।पिछले साल 16 परीक्षा केन्द्र बनाये गए थे। छात्रों की संख्या और सुविधा को देखते हुए इस साल 2 परीक्षा केन्द्र पाकेला और तालनार बढ़ाए गए हैं। सुकमा जिले में कक्षा 10 वीं के 1902 तथा कक्षा 12 वीं के 1495 विद्यार्थी कुल 3399 विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मंडावी ने बताया कि कई परीक्षा केन्द्र अति संवेदनशील क्षेत्र में होने के कारण पूर्व में माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्राप्त गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण कर नजदीकी पुलिस थानों में सुरक्षित रखा दिया गया है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारी व विकासखण्ड स्तर पर उड़न दस्ता दल की नियुक्ति की गई है।

### जिला पंचायत सदस्यों को सीईओ ने दिया प्रमाणपत्र

**सुकमा 02 मार्च।** जिला पंचायत के सीईओ एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमति नम्रता जैन के द्वारा



गुरुवार को सुकमा जिले के नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को जिला पंचायत में निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09-मिसमा से श्रीमती लीना ओयाम, क्षेत्र क्रमांक 10-मनीकोंटा से श्री सोयम भीमा, क्षेत्र क्रमांक 11-ढोंढरा से मंगम्मा सोयम और क्षेत्र क्रमांक 03-कुकानार से श्री महेश कुमार कुंजाम को जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने पर विधिवत निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### महिला का अपहरण करने वाले दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 02 मार्च।** अज्ञात दो युवकों ने ई-रिक्शा से महिला का अपहरण करने मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 34 वर्षीय प्रार्थिया ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह पंडित दिनदयाल ऑडिटोरियम के पीछे से पैदल जा रही थी, तभी ई-रिक्शा सवार अज्ञात दो युवकों ने चलो छोड़ देता हूं कहते हुए ई-रिक्शा में बिठाया और जबरनक मुंह बंद कर कमरे में ले जाकर बंद कर दिया। जिससे कमरे का ताला ठीक से बंद नहीं था, तो प्रार्थिया से भाग निकली और इसकी शिकायत सरस्वती नगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सीएम विष्णुदेव साय आज कैबिनेट बैठक में लेंगे बड़े फैसले

**रायपुर, 02 मार्च।** 3 मार्च को वित्त मंत्री ओपी चौधरी छत्तीसगढ़ का बजट पेश करने जा रहे हैं। वहीं, बजट के ठीक एक दिन पहले सीएम साय ने अहम बैठक बुलाई है। इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है। जी हां, आज दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक होगी। मंत्रालय में बजट को लेकर चर्चा की जाएगी। बता दें कि, 3 मार्च को राज्य का बजट पेश होगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो गया है जो 21 मार्च तक चलेगा। बजट सत्र में 17 बैठकें होंगी। विष्णुदेव साय सरकार इस सत्र में अपना दूसरा बजट पेश करेगी।

### महिला के खाते से 6 लाख से अधिक रकम पार

**रायपुर, 02 मार्च।** भवानी नगर कोटा में अज्ञात आरोपी ने एक महिला के बैंक खाते से 6 लाख से अधिक रकम पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सतीष राजपूत 38 वर्ष भवानी नगर कोटा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने फोन पर लिंक भेजा, जिसे ओपन करने पर प्रार्थिया के बैंक खाते से 30 बार में 6 लाख 700 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### खरमोरा व जमनीपाली वार्ड में संचालित हुई मेगा स्वच्छता ड्राइव

**कोरबा 02 मार्च।** कोरबा जिला नगर पालिक निगम द्वारा कोसाबाड़ी जोन के खरमोरा एवं दर्री जोन के जमनीपाली वार्ड में स्वच्छता अभियान के तहत मेगा स्वच्छता ड्राइव चलाकर वृहद स्तर पर साफ-सफाई के कार्य किए गए। आयुक्त आशुतोष पांडेय ने बस्तियों में पहुंचकर विशेष साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होंने बस्ती के लोगों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की तथा त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# भाजपा समर्थित सरपंच ने चुनाव हारने पर गांव में पानी बंद किया

- **कांग्रेस समर्थित नवनिर्वाचित सरपंच प्रतिदिन टैंकर से पानी पहुंचाकर ग्रामीणों को दे रहे हैं राहत**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 02 मार्च।** बस्तर विधानसभा क्षेत्र के बकांवड ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटे जीराखाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 का चुनाव 23 फरवरी को सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में भाजपा समर्थित मौजूदा सरपंच लखेश्वर कश्यप को करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं, कांग्रेस समर्थित सरपंच प्रत्याशी डोमूधर बघेल की ऐतिहासिक जीत ने गांव के लोगों को आशा और विश्वास का एक नया संदेश दिया। चुनाव के बाद, भाजपा समर्थित सरपंच लखेश्वर कश्यप ने न सिर्फ हार स्वीकार की, बल्कि प्रतिशोध की भावना से 24 फरवरी से अब तक ग्राम पंचायत छोटे जीराखाल में पानी की आपूर्ति बंद कर दी। इस कदम से गांव में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों को इस संकट का सामना करना पड़ा, लेकिन उनका हौसला डिगा नहीं। कांग्रेस समर्थित नवनिर्वाचित सरपंच डोमूधर बघेल ने इस संकट से निपटने के लिए त्वरित कदम उठाए और पूरे गांव में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की। डोमूधर बघेल ने प्रत्येक पारा और मोहल्ले में चार पानी टेंकर भेजकर ग्रामीणों को राहत प्रदान की। उन्होंने कहा, ÷आपने मुझे सेवा करने का मौका दिया है। मैं निस्वार्थ भाव से आपका सेवा करूंगा और गांव की हर समस्या का समाधान करूंगा।÷ ग्रामीणों का कहना है कि भाजपा समर्थित पूर्व सरपंच की हार के बाद पानी बंद कर देना अत्यंत असंवेदनशीलता का प्रतीक था, लेकिन अब कांग्रेस समर्थित नवनिर्वाचित सरपंच डोमूधर बघेल ने अपनी सेवाओं से साबित कर दिया है कि उनका ध्यान सिर्फ गांव के विकास और जनता की भलाई पर है। गांववासियों ने यह भी कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने गलत व्यक्ति को कुर्सी से हटाकर एक ईमानदार और शिक्षित व्यक्ति को चुना है, जो न केवल उनकी समस्याओं को समझता है, बल्कि समाधान भी करता है। गांव के एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा, ÷हमने देखा कि भाजपा समर्थित सरपंच की नाकामियों के कारण हमारे गांव में विकास के काम रुक गए थे। अब, हमें पूरा भरोसा है कि डोमूधर बघेल हमारे गांव के विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेंगे और सभी समस्याओं का समाधान करेंगे। नवनिर्वाचित सरपंच डोमूधर बघेल के प्रति ग्रामीणों का समर्थन और विश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। उनके नेतृत्व में गांव में कई विकास कार्यों की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वे अब पूरी तरह से सुनिश्चित हैं कि आने वाले दिनों में छोटे जीराखाल में बदलाव आएगा और गांव में विकास की नई राहें खुलेंगी। इस चुनाव परिणाम ने यह भी सिद्ध कर दिया कि जनता ने हमेशा सेवा और समर्पण को प्राथमिकता दी है। कांग्रेस समर्थित डोमूधर बघेल की जीत न केवल एक राजनीतिक परिवर्तन है, बल्कि यह एक संकेत भी है कि ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा की अहमियत को लोग पहचानते हैं।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत छात्राओं को किया गया जागरूक



- **महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 02 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अवसर पर 24 फरवरी से 08 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए शासन स्तर से दिशा-निर्देश दिए गये है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत 27 फरवरी को कन्या छात्रावास सुकमा में, 28 फरवरी को कन्या पोटाकेबिन सुकमा में एवं 01 मार्च को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह, बाल यौन शोषण (प्रोजेक्टर के माध्यम से शार्ट फ़िल्म खुशी दिखाई गई) दत्तक ग्रहण एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह बघेल, महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती प्रमिला सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान कार्यशाला आयोजित

- **मेराकी प्रोग्रामिंग के माध्यम से विद्यार्थियों ने सीखा स्टोरीटेलिंग, एनीमेशन और इंटरैक्टिव गेम**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 02 मार्च।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी के अवसर पर सुकमा और छिंदगढ़ विकासखंड के पोर्टा केबिन स्कूल के बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मेराकी प्रोग्रामिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर विद्यार्थियों ने स्टोरीटेलिंग, एनीमेशन और इंटरैक्टिव गेम बनाकर अपनी रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग और डिजिटल नवाचार से जोड़ना था जिससे वे तकनीकी शिक्षा के प्रति अधिक जागरूक और उत्साहित हों। सुकमा विकासखंड से कुम्हाररास, बुर्दी, केरलापाल, मुरतोंडा, गादीरास के पोर्ट केबिन स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया वहीं छिंदगढ़ विकासखंड से पोर्टा केबिन रोकेल और पोर्टा केबिन तोंगपाल के बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नवाचार और प्रोग्रामिंग कौशल में पारंगत करने के लिए एकदिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। नवगुरुकुल टीम के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मेराकी प्रोग्रामिंग का उपयोग कर अपनी कल्पनाओं को डिजिटल रूप दिया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन सुकमा के तत्वाधान में संचालित किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और डिजिटल साक्षरता के नए अवसर प्राप्त हुए।

# किसानों के पंजीयन के लिए गांव-गांव में लग रहा शिविर

- **किसानों का बनेगा डिजिटल फॉर्मर आईडी**
- **कृषि के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने सरकार की नई पहल**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 02 मार्च।** शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में एग्री स्टेक परियोजना के तहत जिले के प्रत्येक किसान की डिजिटल फॉर्मर आईडी किसान कार्ड बनाई जा रही है। इसके साथ ही कृषि भूमि को आधार कार्ड से भी जोड़ा जाएगा।

**किसानों को मिलेगा सीधा लाभ-** इस नवाचारी पहल के माध्यम से किसानों को कृषि योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा, जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और कृषि यंत्र अनुदान जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं।

**गांव-गांव में लग रहा शिविर, किसान करा सकेंगे पंजीयन-**फॉर्मर आईडी बनाने के लिए लोक सेवा केंद्र (सीएससी) के माध्यम से जिले के सभी ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथि के अनुसार शिविर लगाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित शिविरों में राजस्व विभाग के पटवारी और कृषि विभाग के ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी भी किसानों को जागरूक करने और पंजीयन प्रक्रिया में सहायता के लिए तैनात किए गए हैं। 24 फरवरी से गांवों में लगाए जा रहे शिविर के माध्यम से अब तक लगभग 3075 किसानों का पंजीयन किया गया है। किसानों को फॉर्मर आईडी बनवाने के लिए अपनी सभी कृषि भूमि का बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका और आधार से लिंक मोबाइल नंबर (जिस पर आधार सत्यापन ओटीपी प्राप्त हो सके) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# गिरौदपुरी धाम में 4 से 6 मार्च तक होगा गुरुदर्शन मेला

**रायपुर, 02 मार्च।** गिरौदपुरी धाम में इस वर्ष तीन दिवसीय गुरूदर्शन मेला का आयोजन 4 से 6 मार्च 2025 तक होगा। मेला आयोजन समिति की बैठक धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब की अध्यक्षता में जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें मेले की तैयारियों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजमाता गुरु प्रवीण माता जी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, राजमहंतगण, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब ने बैठक में कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के सम्मान में आयोजित गिरौदपुरी मेला सबकी भागीदारी से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की अप्रिय गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि गिरौदपुरी मेला श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां लाखों लोग आते हैं।

# गुण्डराजगुड़ेम मुठभेड़ में 1 महिला सहित 2 माओवादी का शव एवं हथियार बरामद

- **माओवादियों के शव की शिनाख्त की जा रही है।**
- **मुठभेड़ स्थल व आस-पास क्षेत्रों की सुरक्षा बल सघन सर्चिंग कर रहे**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 02 मार्च।** जिला सुकमा के थाना किस्टाराम क्षेत्रांतर्गत माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर सुकमा डीआरजी एवं कोबरा की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान हेतु रवाना हुई थी।

अभियान के दौरान दिनांक 01.03.2025 को प्रातः लगभग 0900 बजे से गुण्डराजगुड़ेम जंगल क्षेत्र में सुकमा डीआरजी टीम एवं सशस्त्र माओवादियों के बीच रूक-रूक कई बार कर मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ स्थल सर्च करने पर अब तक 02 वरदीधारी (01 महिला एवं 01 पुरुष ) माओवादी का शव एवम हथियार सामग्री बरामद हुआ हैं। माओवादियों के शव का शिनाख्त की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 60 दिनों में बस्तर रेंज में कुल 67 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये द्य द्यसरकार के मंशा के अनुसार और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है द्य प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादियों संगठन के पास अब हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने के अलावा और कोई विकल्प नही बचा है।

# पीएम आवास योजना से मकमईन का बना पक्का मकान

- **नवनिर्मित घर में सुरक्षित और सुखमय जीवन कर रही व्यतीत**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 02 मार्च।** प्रधानमंत्री आवास योजना ने ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए पक्के आवास का सपना साकार किया है। कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में पीएम आवास योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्थायी घर मिल रहे हैं जो उनकी जीवनशैली में सुधार और सम्मान लेकर आ रहा है।

**पक्का मकान बनाने का सपना हुआ साकार-**छिन्दगढ़ विकासखंड के छिंदगढ़ पंचायत की निवासी श्रीमती मकमइन रैनी जो



पहले अपने घास-फूस एवं मिट्टी से बने घर में रहते थे, अब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत एक पक्का मकान बन जाने से चैन से अपने घर में आरामदायक जिंदगी व्यतीत कर रही हैं। हितग्राही श्रीमती मकमईन ने कभी सोचा नहीं था कि उनका परिवार कभी अपने सपनों का आशियाना बना पाएगा, लेकिन इस योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानपूर्ण जीवन जी रहे हैं। हितग्राही श्रीमती रैनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना के तहत मुझे जो पक्का आवास मिला है, वह मेरे परिवार के लिए एक सपना साकार होने जैसा है। पहले हम कच्ची दीवारों और घास से बने पुराने घर में जैसे-तैसे जीवन व्यतीत कर रहे थे। कच्ची छत होने के कारण हमेशा बारिश के समय पानी टपकता था। इसलिए हमे पक्के मकान की आवश्यकता महसूस होती थी।

**पीएम आवास योजना से मिला आर्थिक सहयोग-**शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 2024-25 में आवास की स्वीकृति होने से श्रीमती मकमईन के पक्का मकान बनाने का सपना साकार हुआ। उन्होंने योजनान्तर्गत अभिसरण के तहत मनरेगा से 90 दिवस का मजदूरी भुगतान किया। इस योजना के तहत हितग्राही को अब एक पक्का और सुरक्षित मकान मिल गया है, जिसमें उनके परिवार को बेहतर जीवनशैली और सुरक्षा मिल रही है। उनका कहना है कि अब मेरे परिवार को ठंड, गर्मी या बारिश किसी भी मौसम की चिंता नहीं रहती।

**पक्का मकान के लिए सरकार को दिया धन्यवाद-**पीएम आवास लाभार्थी श्रीमती मकमईन ने पक्के आवास दिलाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि योजना ने हम जैसे ग़रीब परिवारों को स्थायी और सुरक्षित घर प्रदान करके हमें एक सुखमय और सम्मान जनक जीवन जीने का अवसर दिया है।

## समाचार संक्षेप

### हारे हुए प्रत्याशी को छुट्टी के दिन रात के अंधेरे में विजयी होने का दिया प्रमाणपत्र: हरीश कवासी



**सुकमा, 02 मार्च।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने आरोप लगाते कहा कि हारे हुए प्रत्याशी को छुट्टी के दिन रात के अंधेरे में विजय होने का दिया गया प्रमाण पत्र , लोकतंत्र का गला दबाकर हत्या करने के बराबर है। पत्रकार वार्ता में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान के पश्चात लगभग सभी ब्लॉक के जिला में मतगणना हुई। जिला प्रशासन, चुनाव आयोग, पुलिस प्रशासन की सशक्त भूमिका से निष्पक्ष सफल चुनाव - मतदान संपन्न हुआ, उसके बावजूद भी मतगणना के पश्चात हारी हुई प्रत्याशी को विजय घोषित करना, लोकतंत्र के निष्पक्ष चुनाव के लिए सीधा प्रहार है, जिसकी हम घोर निंदा करते हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने आरोप लगाते आगे कहा कि एर्राबोर में स्थानीय प्रशासन के एक कर्मचारी ने भाजपा के एजेंट के रूप में काम किया है।

### सड़क पर केक काटने के मामले मे महापौर मीनल चौबे का बेटा गिरफ्तार

**रायपुर, 02 मार्च।** राजधानी रायपुर में मेयर मीनल चौबे के बेटे मेहुल चौबे को सड़क पर केक काटकर जन्मदिन मनाने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मेहुल के साथ उसके दो दोस्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। मामले में पुलिस प्रतिबंधात्मक धाराओं में अलग से कार्रवाई कर रही है। बता दें कि 28 फरवरी को रायपुर मेयर मीनल चौबे के बेटे मेहुल चौबे ने सड़क में केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया था। इसका विडियो काफभ् वायरल हुआ था जिसके बाद पुलिस ने महापौर के बेटे और उसके दो दोस्त पिंटू चंदेल और मनोज गौतम को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। यह भी बता दें कि वीडियो के वायरल होने की जानकारी मिलते ही महापौर मीनल चौबे ने माफी मांग ली थी। उन्होंने कहा कि, मैंने वीडियो देखा जो मेरे घर के सामने की है। मेरे बेटे का जन्मदिन था, उसने सड़क पर केक काटा है। मैंने आज सुबह ही अखबार में पढ़ा कि, हाईकोर्ट ने सड़कों पर केक काटने से मना किया है। जो भी हुआ गलत हुआ है मैंने अपने बेटे को समझाइश दी है। मीनल चौबे ने आगे कहा कि, मैं शासन-प्रशासन का पूरा सम्मान करती हूं। अगर मेरे या मेरे परिवारजनों की वजह से कोई परेशानी हुई होगी तो उसके लिए मैं माफी मांगती हूं।

### बकरी चराने गए ग्रामीण पर वन्यजीव ने किया हमला

**कोरबा 02 मार्च।** जिले के कटघोरा वन मंडल के तहत आने वाले ग्राम केदई पतुरीडाड़ में एक ग्रामीण पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार 56 वर्षीय भोला राम गोंड़ बकरियां चराने जंगल गए थे, तभी जंगली जानवर ने हमला कर दिया। इस हमले में भोला राम घायल हो गए। उन्हें कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। ग्रामीण भोला राम ने दावा करते हुए कहा की उस पर हमला करने वाला जानवर बाघ था, जिसे उसने अपनी आंखों से देखा। घटना के वक्त वे बकरियों को लेकर जंगल से ग्राम की ओर लौट रहे थे, तभी झाड़ियों से अचानक एक बाघ निकला और उनके हाथ पर हमला कर भाग गया। उन्होंने शोर मचाया, जिससे बकरियां इधर-उधर भाग गईं। किसी तरह वे ग्राम हुंचे और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद 108 एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, वन विभाग ग्रामीण के इस दावे से सहमत नहीं है। कटघोरा डीएफओ निशांत झा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हमलावर जानवर लकड़बग्घा होने की आशंका है। घायल ग्रामीण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोरगा में भर्ती कराया गया और वन विभाग द्वारा 500 रुपए की सहायता राशि दी गई। घटना के बाद से ग्राम में दहशत का माहौल है। बाघ की खबर सुनते ही लोग जंगल की ओर जाने से डरने लगे हैं। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच जांच कर रही है।

### नगर निगम के ई.ई. ए.के. शर्मा को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**कोरबा 02 मार्च।** नगर पालिक निगम कोरबा के प्रभारी अधीक्षण अभियंता के प्रभार पर रहे कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा (बच्चन शर्मा) 28 फरवरी को निगम की अपनी दीर्घकालीन सेवा से निवृत्त हो गए। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता शर्मा एवं अन्य सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्वस्थ व दीर्घ जीवन हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे, विदाई कार्यक्रम का कुशल संचालन कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला द्वारा किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा एवं तत्कालीन विशेष क्षेत्र प्राधिकरण में लगभग 42 वर्ष की दीर्घ सेवा के पश्चात निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा 28 फरवरी को सेवा से निवृत्त हो गए, वर्तमान में उनके पास निगम के अधीक्षण अभियंता का भी प्रभार था। निगम कार्यालय साकेत में आयोजित विदाई कार्यक्रम के दौरान ए.के. शर्मा को विदाई दी गई। आयुक्त पांडेय ने शर्मा सहित पूर्व में सेवानिवृत्त हुए सहायक कार्यालय अधीक्षक जी.एस. चंदेल व सफाई कामगार के.जे. राव व प्रभा बाई को सम्मानित किया, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी तथा दीर्घ व स्वस्थ जीवन की कामना करी। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, बी.पी. त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता सुरेश बरूवा, भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, अजीत तिग्गा, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, विनोद शांडिल्य, राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, अशोक देशमुख, प्रदीप सिकंदर, गोयल सिंह, विमल, विपिन मिश्रा, आकाश अग्रवाल, सोमनाथ डेहरे, मनोज श्रीवास आदि सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने उनका सम्मान किया तथा उनके दीर्घ व स्वस्थ जीवन की कामना करी।

### एलपीजी सिलेंडर के दाम में हुई बढ़ोतरी, 6 रुपये महंगा हुआ सिलेंडर

**रायपुर, 02 मार्च।** शनिवार 1 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के नए रेट जारी हो गए हैं। एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) के नए रेट के मुताबिक बजट के दिन मिली राहत आज छीन ली गई है। 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की गई है। आज दिल्ली से कोलकाता तक यह सिलेंडर 6 रुपये महंगा हुआ है। हालांकि, कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के मार्च का प्राइस ट्रेंड देखें तो पिछले 5 सालों में 1 मार्च को सबसे कम बढ़ोतरी है। इंडियन ऑयल के पोर्टल पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक मार्च में कॉमर्शियल का दाम सबसे अधिक 2023 में बढ़ा था, जब एक ही झटके में दाम 352 रुपये उछल गए। बता दें बजट के दिन एलपीजी गैस सिलेंडर के रेट में 7 रुपये की मिली छोटी सी राहत केवल 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर को मिली थी। घरेलू गैस सिलेंडर यानी 14 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में 1 अगस्त 2024 से कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल द्वारा जारी ताजा रेट के मुताबिक दिल्ली में आज 1 फरवरी से 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर अब 1803 रुपये का हो गया है। पहले फरवरी में 1797 रुपये था और जनवरी में 1804 रुपये का। कोलकाता में यही कॉमर्शियल सिलेंडर अब 1913 रुपये में मिलेगा। यह फरवरी में 1911 रुपये से घटकर 1907 रुपये हुआ था। मुंबई में एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब फिर से 1755.50 रुपये हो गई है। फरवरी में 1749.50 रुपये थी और जनवरी में इसकी कीमत 1756 रुपये थी।

## एक नजर

### 5 मार्च को प्लेसमेंट कैंप, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**महासमुन्द 02 मार्च।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुन्द द्वारा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 05 मार्च 2025 को मचेवा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोजगार कार्यालय परिसर, महासमुन्द में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।
इस प्लेसमेंट कैंप में हृढ्ढङ्क्ष लिमिटेड द्वारा निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित बैंकों में विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें आईसीआईसीआई बैंक एवं एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के क्रमशः 20 एवं 10 पदों के लिए तथा एचडीएफसी बैंक में वर्चुअल रिलेशनशिप मैनेजर के 10 पदों के लिए 10वीं, 12वीं एवं स्नातक में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले आवेदक पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 22,000 रुपए से 36,000 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलेगा।

### नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथग्रहण समारोह आयोजित

**रायगढ़, 2 मार्च।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद खरसिया के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को खरसिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद रायगढ़ श्री राधेश्याम राठिया, सांसद राज्यसभा श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह व विधायक बस्तर श्री किरण सिंह देव भी शामिल हुए। खरसिया नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कमल गर्ग ने उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव की उपस्थिति में शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने सभी नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदगण खरसिया शहर के समग्र विकास के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य करेंगे। अटल विश्वास पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा कर खरसिया शहर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुविधापूर्ण शहर बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार खरसिया शहर की तरक्की के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बीते 15 महीने में प्रदेश के नगरीय निकायों में 7500 करोड़ रुपये से अधिक राशि से विकास कार्य किया गया है। इस दौरान सांसद रायगढ़ श्री राधेश्याम राठिया, सांसद राज्यसभा श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह व विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरसिया शहर के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य सरकार की ओर से हरसम्भव पहल करने की बात कही।

### कृषक विद्याधर पटेल को नवाचार के लिए मिला राष्ट्रीय सम्मान

**रायगढ़, 2 मार्च।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री श्री.एच.डी.कुमार स्वामी द्वारा कृषि में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य के लिए आईआईएचआर बैंगलोर में आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह में लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम-कोड़केल के कृषक श्री विद्याधर पटेल को राष्ट्रीय नवाचार किसान सम्मान से नवाजा गया। देश के 8 कृषकों में छत्तीसगढ़ से रायगढ़ जिले के एक मात्र किसान है श्री विद्याधर पटेल। गेंदा बाबा के नाम से मशहूर प्रगतिशील किसान श्री विद्याधर पटेल को अपने नवाचार और अन्य कार्यों के लिए राष्ट्रीय इनोवेटिव किसान सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। जिन्होंने गेंदा की खेती में पॉली बेग तकनीकी से 1.5 लाख पौधे बेचकर 30 लाख रुपये कमाए है। यह सम्मान उन्हें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ.गिरीश चंदेल, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ.विवेक त्रिपाठी एवं निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ.एस.एस.टुटेजा के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस.राजपूत, वैज्ञानिक डॉ.मनीषा चौधरी, वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत, वैज्ञानिक डॉ.के.एल.पटेल, वैज्ञानिक डॉ.के.के.पैंकरा एवं डॉ.सोलंकी के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के समस्त स्टॉफ के सहयोग से प्राप्त हुआ।

### श्रमिकों के पंजीयन के लिए विशेष शिविर का आयोजन 4 मार्च को

**रायगढ़, 02 मार्च।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के पंजीयन हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से निर्माणाधीन स्थलों, औद्योगिक क्षेत्रों, चावड़ी, श्रमिक बस्ती एवं ग्राम पंचायत में कार्य कर रहे मनरेगा श्रमिकों एवं निर्माणी श्रमिकों का क्रमशः असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल एवं भवन निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीयन किया जाकर यथा स्थान तत्काल पंजीयन कार्ड का वितरण भी किया जाता है। इसी क्रम में आगामी मार्च 2025 में जिला अंतर्गत 60 पंजीयन कैम्प आयोजन किया जाएगा। जिसमें 01 मार्च को पाता (तमनार), अमलीपाली (पुसौर), सोहनपुर (धरमजयगढ), चोटीगूड़ा (घरघोड़ा) एवं रतन महका (खरसिया) में पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 04 मार्च को गदगाँव (तमनार), मौहापाली (पुसौर), सोखामुड़ा (धरमजयगढ़), तुमीडीह (घरघोड़ा) एवं बॉसमुड़ा (खरसिया) में पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सोनोग्राफी की सुविधा को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बीजापुर, 02 मार्च।** जिला अस्पताल. बीजापुर मे सोनोग्राफी सुविधा नहीं होने से आम मरीजों को



काफी परेशानी यो का सामना करना पड रहा है। इस समस्या को देखते हुए आम आदमी पार्टी के जिला सचिव सतीश मंडावी ने पहल करते हुए एक ज्ञापन समस्या के निराकरण हेतु ह्यस्रद्व बीजापुर को सौपा ज्ञापन में सोनोग्राफी सुविधा के साथ आपरेटर एवं विशेषज्ञ चिकित्सक भी भी उपलब्ध कराने की भी मांग रखी है यहां विदित हो सुविधा के अभाव मे यहां के लोगों को जगदलपुर या अन्य शहरों की ओर जाना पडता है जिससे समय के साथ पैसो की बरबादी होता है सतीश मंडावी ने शासन प्रशासन से तत्काल सुविधाएं उपलब्ध कराने मांग की है।

# बिरहोर परिवार की 3 महिलाओं को मिल रहा है महतारी वंदन का लाभ, घर के मुखिया को मिला पक्का आवास

- महिलाएं हुई आर्थिक रूप से सशक्त, घर चलाने में कर रही सहयोग
- आयुष्मान कार्ड बनने से इलाज की चिंता भी हुई दूर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 2 मार्च।** धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत जमरगा के रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवार के 3 महिलाओं को जहां महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है वहीं परिवार के मुखिया श्री सोनूराम बिरहोर को पीएम आवास के माध्यम से पक्का आवास मिला है। साथ ही घर के पूरे सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनने से इलाज की चिंता भी दूर हो चुकी है। इस तरह उनका पूरा परिवार शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है। सोनूराम बिरहोर के परिवार में उनकी पत्नी श्रीमती कुंवारी बाई सहित दो बहु श्रीमती भजमति एवं रत्नी बाई को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। परिवार की 3 महिलाओं को प्रतिमाह एक-एक हजार रुपये मिलने से घर में कुल 3 हजार रुपये की राशि प्राप्त हो रही है। शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ ही घर चलाने में सहयोग कर रही है। वहीं परिवार के मुखिया सोनूराम बिरहोर को पीएम जनमन योजना के तहत पक्का मकान बन जाने से परिवार को कई परेशानियों से एक साथ छुटकारा मिल गया है। अब उसे बारिश में छत से पानी टपकने या गीले दीवारों की चिंता दूर हुई। साथ ही सांप बिच्छुओं का भी डर नहीं रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ मिलने से जिला प्रशासन सहित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौरतलब है कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना लागू किया गया है। जिसके अंतर्गत राज्य की विवाहित, विधवा परित्यक्ता और तलाकशुदा जिनकी उम्र 21 वर्ष से अधिक हो ऐसी महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार विशेष पिछड़ी जनजातियों को समाज की मुख्यधारा से जोडने और उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पीएम जनमन का लाभ सुदूर अंचलों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य वाले इलाकों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जिले में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का स्वयं के पक्के मकान निर्माण का सपना साकार हो रहा है और उनके परिवारों के जीवन की दशा एवं दिशा बदल रही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा और ई.डी. का किया पुतला दहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 02 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और महामंत्री के खिलाफ पुलिस और ई.डी. द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर गरियाबंद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ई.डी. के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तिरंगा चौक पर उनका पुतला दहन किया।

**पुलिस ने रोकने का किया प्रयास**-पुतला दहन के दौरान पुलिस ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया। कांग्रेस नेताओं ने इसे सरकार प्रायोजित दबाव करार देते हुए चेतावनी दी कि अगर पुलिस और ई.डी. द्वारा नेताओं को परेशान करने का सिलसिला जारी रहा, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**कांग्रेस नेताओं की चेतावनी**-कांग्रेस नेता संजय नेताम और राजेश साहू ने कहा कि भाजपा सरकार बदले की राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और महामंत्री को गलत तरीके से फंसाने की कोशिश की जा रही है। नेताम ने कहा, ÷अगर यह कार्रवाई नहीं रुकी तो कांग्रेस जिले भर में व्यापक आंदोलन करेगी और हर ब्लॉक व गांव-गांव में सरकार की असलियत जनता के सामने लाएगी।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताई नाराजगी**-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे, जिन्होंने भाजपा और ई.डी. के खिलाफ नारे लगाए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, जिससे लोकतंत्र को खतरा हो सकता है। गरियाबंद में इस विरोध प्रदर्शन के बाद अब जिले में कांग्रेस द्वारा और बड़े आंदोलन की संभावना जताई जा रही है।

### कोरबा जिले में विकासखंड स्तरीय मेला आयोजित

**कोरबा 02 मार्च।** कोरबा जिले के विकासखंड कोरबा में विकासखंड स्तरीय थ्स्छ ज्स्ड मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में 27 विद्यालयों के बच्चों ने भाषा और गणित के शिक्षण सामग्री को स्वयं बच्चों के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद और जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन और सुख सागर निर्मलकर पार्षद वार्ड क्रमांक 18 उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामहरि शराफ डाइट प्राचार्य कोरबा, मनोज पांडे, गुलशन कुमार डाइट कोरबा, अशोक द्विवेदी भाजपा नेता, नीरज शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य, सिद्धनाथ साहू वरिष्ठ कार्यकर्ता, संजय अग्रवाल, अनिल रात्रे, आर.डी. केशकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में किरण लता शर्मा डाइट थ्स्छ प्रभारी के कुशल मार्गदर्शन में एवं थ्स्छ कोरबा ब्लॉक प्रभारी ज्योति श्रीवास के नेतृत्व तथा समस्त त्त्ळ समूह के समर्पण और परिश्रम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कृषि भूमि एवं कृषि भूमिधारक पहचान पत्र तैयार करने किया जा रहा कार्य

**रायगढ़, 02 मार्च।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना अंतर्गत एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत वर्तमान में कृषक पंजीयन के अन्तर्गत जिले के सभी कृषकों का कृषि भूमि पहचान पत्र व कृषि भूमि धारक पहचान पत्र तैयार करने का कार्य प्रगतिशील है। जो फार्मर रजिस्ट्री के तहत् पंजीयन का कार्य मुख्यत~ कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम कराया जा रहा है। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल के माध्यम से स्वयं कृषक द्वारा भी किया जा सकता है। पंजीयन हेतु आधार कार्ड, आधार लिंक फोन एवं सर्वे नंबर हेतु बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका जैसे आवश्यक दस्तावेज की आवश्यकता होगी।

# महाबोधि विहार बौद्ध समुदाय को सौंपने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोरबा 02 मार्च।** राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत, भीम आर्मी, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा, तक्षशिला बौद्ध विहार समिति,ओ बी सी मोर्चा भारत के साथ अनेकों संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में 28 फ़रवरी को राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल ऋषिकर भारती, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं बौद्ध समाज कोरबा की अध्यक्ष लता बौद्ध उपाध्यक्ष सपना खोबरागड़े, तेली ओ बी सी मोर्चा भारत के संयोजक क्रांति कुमार साव, भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरजा शंकर खूंटे, जिला मीडिया प्रभारी अनिल खूंटे, बौद्ध समाज प्रतिनिधि उषा बम्बेश्वर, सचिव दिलीप भीमटे, जयमाला भीमटे, किरण चैहान हम होंगे कामयाब संगठन के संयोजक सुनील सुना, विनय नाथ, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रतिनिधि महेंद्र कौशिक, प्रदेश सचिव एस.सी. ढोके, संभागीय सचिव देवव्रत सिंह पोर्ते, सचिव, जिला सचिव श्रीकांत कांबले प्रमुख रूप से उपस्थित होकर कोरबा जिला कलेक्टर के माध्यम से देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन में कहा गया हैं की बिहार प्रांत के बोधगया में स्थित ऐतिहासिक महाबोधि महाविहार को जो कि महान बौद्ध सम्राट अशोक द्वारा बनाया गया था।

# तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 02 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय बीजापुर में कांग्रेसियों पर ई.डी. (प्रवर्तन निदेशालय) और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन किया है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि ÷प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रदेश कांग्रेस को जारी समन के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री द्वारा बिन्दुवार जानकारी उपलब्ध कराये जाने के बाद भी जबरिया ईडी कार्यालय में घंटों बैठाया गया और आगामी 03 मार्च को पुनः ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय भारतीय जनता पार्टी का एक अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी व पाटी कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का काम कर रही है।

इस दौरान लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश महासचिव नीना रावतिया उड़दे, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुखदेव नाग, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद बेनहूर रावतिया, पार्षद बबीता झाड़ी, पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रवीण डोंगरे, जनपद सदस्य व युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज अवलम, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व पार्षद कविता यादव, पूर्व पार्षद लक्ष्मण कड़ती, पूर्व पार्षद साहिल तिग्गा, बलराम कोरसा, महिला कांग्रेस की संजना चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 लागू

# दुकान एवं स्थापनाओं को 24 घंटे कर सकते है संचालित

- पंजीयन का कार्य श्रम विभाग के पोर्टल के माध्यम से होगा ऑनलाईन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 02 मार्च।** राज्य में 13 फरवरी 2025 से पूर्व प्रचलित छ.ग. दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 निरसित हो चुका है एवं इसके स्थान पर नवीन अधिनियम छ.ग. दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 तथा इसके अन्तर्गत निर्मित छ.ग. दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) नियम, 2021 अधिसूचना दिनांक से राज्य में प्रभावशील हो गया है।

राज्य में संचालित दुकान एवं स्थापनाओं का पंजीयन पूर्व में नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी,आयुक्त, नगर निगम के द्वारा किया जाता था। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 के प्रभावशील हो जाने के पश्चात् अब प्रदेश में स्थित समस्त दुकान एवं स्थापनाओं के पंजीयन का कार्य श्रम विभाग के रायगढ़ जिला कार्यालय के द्वारा श्रम विभाग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन किया जायेगा।

**छ.ग. दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 अंतर्गत**- यह सम्पूर्ण जिले में प्रभावशील होगा जबकि पूर्व अधिनियम केवल नगरीय निकाय क्षेत्रों में ही लागू था। यह अधिनियम केवल 10 या अधिक श्रमिक/कर्मचारी नियोजित करने वाले दुकान और स्थापनाओं पर लागू होगी। इस अधिनियम के अंतर्गत श्रमायुक्त, मुख्य फैसिलिटेटर के रूप में एवं श्रम निरीक्षक/श्रम उप निरीक्षक, फैसिलिटेटर के रूप में नियुक्त किये गये हैं। जिनके द्वारा श्रम पहचान संख्या प्रदाय किया जायेगा। दुकान एवं स्थापनाओं के पंजीयन के लिये पंजीयन शुल्क नियोजित श्रमिक/कर्मचारियों की संख्या के अनुसार न्यूनतम 1,000 रूपये एवं अधिकतम 10,000 रूपये निर्धारित है। इस अधिनियम के लागू होने के 06 माह की अवधि के भीतर दुकान एवं स्थापनाओं के पंजीयन हेतु श्रम विभाग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया जाना होगा। पंजीयन पश्चात् प्रत्येक दुकान एवं स्थापना के श्रम पहचान संख्या संबंधी डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र फैसिलिटेटर (श्रम निरीक्षक) जिला श्रम कार्यालय के द्वारा वेब पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 तथा कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनयम 1952 के अंतर्गत पंजीकृत दुकान एवं स्थापनाओं को इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत माना जायेगा किन्तु उन्हें इस अधिनियम के प्रारंभ होने के 06 माह के भीतर श्रम पहचान संख्या प्राप्त करने हेतु श्रम विभाग के पोर्टल में निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन करना होगा, जिसके लिये कोई पंजीयन शुल्क देय नहीं होगी।

नियोजकों को अपने दुकान एवं स्थापना के पंजीयन/श्रम पहचान संख्या में किसी भी प्रकार के संशोधन तथा दुकान एवं स्थापना के बंदीकरण आदि की सूचना हेतु विभागीय पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन किया जाना होगा। प्रत्येक दुकान एवं स्थापनाओं के नियोजकों द्वारा अपने कर्मचारियों के अभिलेख/पंजी इलेक्ट्रॉनिक रूप से संधारित किया जाएगा। उक्त अधिनियम के लागू होने से दुकान एवं स्थापनाओं में रात्रि पाली में भी महिला कर्मकारों को विहित शर्तों के साथ कार्य पर नियोजित किया जा सकेगा।

### 12 वीं बोर्ड की विशिष्ट हिन्दी परीक्षा दी 9110 परीक्षार्थी ने,147 अनुपस्थित रहे

**रायगढ़, 2 मार्च।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2025 कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 1 मार्च को विशिष्ट हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 9 हजार 110 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 8 हजार 960 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 150 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### हुकराडीपा चौक से ग्राम मिलूपारा तक सड़क निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी

**रायगढ़, 02 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर तमनार तहसील के हुकराडीपा चौक से ग्राम मिलुपारा तक कुल 7.5 किलोमीटर की लंबी सड़क निर्माण कार्य को संबंधित कंपनियों द्वारा तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण की जिम्मेदारी विभिन्न कंपनियों को सौंपी गई थी, जिनमें सीएसपीजीसीएल, जेएसपीएल, अंबुजा सीमेंट एवं सारडा एनर्जी प्रमुख रूप से शामिल हैं। सड़क निर्माण के तहत सीएसपीजीसीएल को 2.0 किलोमीटर, जेएसपीएल को 2.8 किलोमीटर, अंबुजा सीमेंट को 1.2 किलोमीटर और सारडा एनर्जी को 1.5 किलोमीटर सड़क निर्माण की जिम्मेदारी दी गई थी। जिसमें अंबुजा सीमेंट ने अपने हिस्से की सड़क का सीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है, जबकि सीएसपीजीसीएल और जेएसपीएल अपने हिस्से में डामर रोड का निर्माण तीव्र गति से कर रहे हैं। इसी प्रकार सारडा एनर्जी अपने हिस्से की सीसी रोड बनाने का कार्य भी तेजी से कर रही है। एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश मोर द्वारा लगातार सड़क निर्माण कार्य की प्रगति मॉनिटरिंग करते हुए 31 मार्च 2025 तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है, ताकि स्थानीय लोगों को आवागमन की सुविधा मिलने के साथ यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके।

### सेवानिवृत्त होने पर कलेक्टर ने नगर सैनिक तथा कलेक्टोरेट कर्मचारी को दी भावभीनी विदाई



**रायपुर, 02 मार्च।** कलेक्टर बंगले में आज शाम बड़ा अच्छा आयोजन हुआ। जिसमें कलेक्टर डॉ गौरव सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता सिंह ने 30 वर्षों से सेवा देने वाले नगर सेना नगर सैनिक श्री भुरूलाल बरिहा को सेवानिवृत होने पर शॉल तथा श्रीफल देकर भावभीनी विदाई दी। उन्होंने श्री बरिहा की स्वस्थ्य रहने और सुदीर्घ जीवन की कामना की। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ सिंह ने कलेक्टर कार्यालय राजस्व शाखा में सहायक वर्ग-2 के पद पर कार्यरत श्रीमती उषा दरवलकर के सेवानिवृत्त होने पर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में शॉल, पुष्पगुच्छ तथा श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर कलेक्टर डॉ सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी कार्य प्रणाली की सराहना करते हुए उनके उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू, श्री नवीन कुमार ठाकुर, श्रीमती अभिलाषा पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम रजक तथा स्टेनो ट

### सर्पदंश एंव तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर, 02 मार्च।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित के दो परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्र्तगत सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में मृतिका श्रीमती रानी कोरसा के निकटतम वारिस उनके पति श्री आसू कोरसा निवासी ग्राम बड़े तुगांली तहसील भैरमगढ़ एवं तालाब में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतक राजेश कुमार टिंगे के निकटतम वारिस उनके पिता श्री नागेश टिंगे निवासी ग्राम उसकालेड तहसील भोपालपटनम को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। राशि का भुगतान संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### देर रात बंद होटल मे लगी भीषण आग दो घंटे बाद बुझाई जा सकी



**बीजापुर, 02 मार्च।** जिला मुख्यालय के जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने देर रात एक बंद होटल में अचानक भीषण आग लगी सूचना मिलते ही दमकल की वाहन मौके पर पहुंच कर दो घंटे की भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट से आग लगी है आग का खबर लगते ही आनन फानन मे दुकान का शटर तोडा गया और आग बुझाने का काम शुरू किया गया लगभग दो घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया अभी क्षति का आकंलन नहीं हो पाया है इस आगजनी की घटना मे होटल का काफी सामान जलकर खाक हो गया है बताया गया है कि होटल मालिक दुकान बंद कर कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गये हुये है उन्हें घटना की जानकारी दे दी गई है आगजनी का कारण कया है ये अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है पर कहा जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से यह घटना हुई है। होटल मालिक के आने के बाद ही नुकसान का आकलन हो पायेगा। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही कर जांच में जुटी है होटल किसी शिवा नाम के व्यक्ति की बताई गई है। आगजनी टी इस घटना मे दमकल वाहन के कर्मचारियों की सराहनीय पहल थी जिससे आग सटे दुकानों में नहीं लग पाई।

### वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी’ विषय पर वित्तीय साक्षरता सप्ताह आयोजित

**रायगढ़, 2 मार्च।** वित्तीय साक्षरता सप्ताह एक केंद्रित अभियान के माध्यम से हर साल प्रमुख विषयों पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आरबीआई की एक पहल है। इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी’ विषय पर जिले में 24 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित किया गया है। इसके तहत जिला रायगढ़ में लीड बैंक प्रबंधक श्री कमल किशोर सिंह के नेतृत्व में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एफएलसी श्री राजकुमार शर्मा, मनीवाइज-वित्तीय साक्षरता केन्द्र खरसिया, घरघोड़ा एवं बरमकेला द्वारा भालूमार, बासनपाली, लोधिया, कचकोबा, केनसरा, अंजोरीपाली, बसनाझर, आमाघाट, कचकोबा, सामारूमा, बरौद, बरपाली, सेन्द्रीपाली ग्रामों में एवं पंचायत भवन रायगढ़ में छ.ग.राज्य ग्रामीण बैंक में कार्यरत बैंक सखी, बैंक मित्र के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न कार्यक्रम में 688 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं को समृद्ध नारी बनने के लिए प्राथमिकताओं का सही तरीके से निर्धारण करना, बजट बनाना, साथ ही जिम्मेदारी से लोन लेकर अच्छा क्रेडिट स्कोर बनाने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई।

### लौह अयस्क खदान समूह भिलाई इस्पात संयंत्र (सीएसआर) के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय स्वर्ण का फुटबॉल प्रतियोगिता फाइनल

# पेनल्टी शूटआउट में चेन्नई ने केरल को तीन के मुकाबले चार गोल से हराया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता








**दल्लीराजहरा, 2 मार्च।** सामाजिक निगमित उत्तरदायित्व लौह अयस्क खदान समूह भिलाई इस्पात संयंत्र (सीएसआर) के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय स्वर्ण का फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सेंट्रल एक्साइज चेन्नई ने केरला युनाइटेड फुटबॉल क्लब को पेनल्टी शूटआउट में तीन के मुकाबले चार गोल से पराजित कर प्रतियोगिता के फाइनल मैच पर कब्जा किया।

मध्यांतर तक दोनों ही टीम 0-0 के बराबरी पर रहे दुसरे हाफके खेल पश्चात निर्धारित समय 90 मिनट के खेल तक दोनों ही टीम के बीच हार जीत का फैसला नहीं होने पर आयोजन समिति एवं मैच कमिश्नर द्वारा पेनल्टी शूटआउट से फैसला करने का निर्णय लिया गया जहां सेंट्रल एक्साइज चेन्नई ने केरल यूनाइटेड फुटबॉल क्लब को करारी शिकस्त देते हुए तीन के मुकाबले चार गोल से पराजित कर स्वर्णकप के फाइनल मैच का विजेता बना। राजहरा माइंस के बीएसपी फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए 28 फरवरी के ग्रैंड फाइनल मैच में दोनों ही टीमों को निर्धारित समय तक फैसला नहीं होने से पांच-पांच पेनल्टी शूट आउट दिए गए जिनमें से सेंट्रल एक्साइज चेन्नई की टीम ने पांच में से चार पेनल्टी शूटआउट को गोल में तब्दील किया वही यूनाइटेड केरल की टीम पांच पेनल्टी शूटआउट में से केवल तीन को ही गोल कर पाई और दो पेनल्टी शूटआउट को केरला के खिलाड़ियों ने गोल पोस्ट से बाहर कर दिया इस तरह पेनल्टी शूटआउट मुकाबले में चेन्नई ने केरल को तीन (03)के मुकाबले चार(04)गोल से पराजित किया।

विदित हो कि ऑल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर्गत भारत देश के विभिन्न भागों से लगभग 8 बड़ी टीमों ने शिरकत किया था। इनमें कश्मीर, रब्बानी क्लब नागपुर, कोलकाता, वेस्टर्न सेंट्रल रेलवे जबलपुर, यूनियन बैंक मुंबई, सेंट्रल एक्साइज चेन्नई, एवं केरला यूनाइटेड एंव राजहरा फुटबॉल क्लब की टीम शामिल थी इन टीमों को पूल ए और पूल बी अंतर्गत तीन-तीन लीग मैच खेलने का अवसर दिया गया इनमें से तीन-तीन लीग मैच खेलकर जो टीम अपने पूल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाए उन दो- दो टीमों को सेमीफाइनल में स्थान प्राप्त हुआ।पूल ए से सेंट्रल एक्साइज चेन्नई एवं यूनाइटेड केरला पुल बी से राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब एवं यूनियन बैंक मुंबई सेमीफाइनल में पहुंचे जहां पहले सेमीफाइनल मैच में चेन्नई ने यूनियन बैंक मुंबई को दो के मुकाबले तीन गोल से तो वही दूसरे सेमीफाइनल मैच में यूनाइटेड केरला ने राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब को शुन्य के मुकाबले दो गोल से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया।

स्वर्ण का प्रतियोगिता के फाइनल मैच एवं समापन दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक खदान विपिन कुमार गिरी थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक खदान आरबी गहरवार एवं विशिष्ट तिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं एवं सीएसआर उत्पल दत्त, श्रीकांत मुख्य महाप्रबंधक फ्लेक्स, प्रभारी राजहरा खदान जयप्रकाश, जीएम मुख्यालय कैलाश मल्होत्रा जीएम मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण विपिन कुमार डिप्टी कमांडेंट सीआईएसएफ तनवीर अहमद महिला समाज अध्यक्ष दल्ली राजहरा रेखा गहरवार एवं माधुरी श्रीकांत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समापन समारोह के मंचस्थ अतिथियों का राजहरा फुटबॉल क्लब की ओर से पुष्प अभिनंदन एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया जहां अध्यक्ष राजहरा फुटबॉल क्लब राजेंद्र बेहरा, सचिव त्रिनाथ नायडू, संगठन सचिव नितीश क्षत्रिय, उपाध्यक्ष मुकुल वर्मा, संगठन सचिव गौतम बेरा , कार्यकारिणी सदस्य कमलाकर सिंह एवं नंदिनी बेहरा के द्वारा समस्त तिथियां का हार्दिक स्वागत सत्कार एवं सम्मान किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विपिन कुमार गिरि ने कहा कि दल्लीराजहरा में फुटबॉल का काफी अच्छा क्रेज है यह प्रतियोगिता काफी लंबे समय से आयोजित हो रही है भविष्य में इस प्रतियोगिता को निरंतर जारी रखा जाएगा जो भी सहयोग है प्रबंधन की ओर से वह किया जाएगा इसके अलावा खेल खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं प्लेटफार्म देने के लिए बीएसपी के द्वारा समय-समय पर कैंप या शिविर भी लगाया जाता रहा है जहां से अच्छे खिलाड़ी चुनकर आए और समाज और राष्ट्र का निर्माण करें साथ ही अपने व्यक्तिगत विकास शारीरिक विकास कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बने हम सभी खिलाड़ियों से है आग्रह करते हैं कि आज की युवाओं को नशा से दूर रखने एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए जिससे देश की युवा पीढ़ी अपने युवक यौवन काल में मार्ग से विमुख ना हो व्यक्ति जब खुद सुधरेगा तो देश और समाज अपने आप सशक्त एंव मजबूत बनेगा उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूचे राजहरावासियों एवं आयोजन समिति को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों के स्वागत करने के लिए स्वागत भाषण अध्यक्ष राजेंद्र बेहरा ने प्रस्तुत किया। इसके उपरांत विजेता टीम सेंट्रल एक्साइज चेन्नई को मुख्य अतिथि विपिन कुमार गिरी कार्यपालक निदेशक खदान, के करकमलों से रुपए डेढ़ लाख का नगद पुरस्कार एवं विजेता ट्रॉफी प्रदान किया गया।

वहीं उपविजेता टीम केरला यूनाइटेड फुटबॉल क्लब को एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार एवं रनर ट्रॉफी सहित कई आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया पूरे मैच के दौरान फुटबॉल नियमों के अनुरूप एवं अनुशासित फुटबॉल खिलाने के लिए समस्त रैफरियों एवं मैच कमिश्नर को अतिथियों के कर कमल से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया इसके अलावा राजहरा फुटबॉल स्टेडियम के शानदार रख रखाव एवं मेंटेनेंस करने वाली टीम में अवध राम, मोहम्मद इरशाद, लोकेश, आकाश, एवं शिवम, को भी मुख्य अतिथियों के द्वारा नगद राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं अन्य आकर्षक पुरस्कारों में बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार जर्सी नंबर 77 केरल के सिनान, को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार जर्सी नंबर 4 केरल के मुनेज, बेस्ट मिड फील्डर का पुरस्कार जर्सी नंबर 13 चेन्नई के उमा बेस्ट स्ट्राइकर फॉरवर्ड जर्सी नंबर 18 चेन्नई के नैक्सान, को इस पूरे टूर्नामेंट का प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट का पुरस्कार जर्सी नंबर 8 चेन्नई के पांडियन को प्रदान किया गया।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा राजहरा फुटबॉल एसोसिएशन के फ्लैग का अवरोहण कर आगामी वर्ष तक सुरक्षित रखने हेतु क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र बेहरा को सुपुर्द कर विधिवत रूप कार्यक्रम एंव इस टुर्नामैन्ट की समापन की घोषणा की गई।

अभार प्रदर्शन करते हुए संगठन सचिव गौतम बेरा ने कहा कि ऑल इंडिया गोल्ड का फुटबॉल टूर्नामेंट को दल्ली राजहरा के समस्त नागरिकों सहित पुलिस प्रशासन, सीआईएफ, नगर पालिका, सफाई मित्र, शहीद अस्पताल राजहरा व्यापारी संघ, राजहरा परिवहन संघ, जैन समाज, सिंधी समाज, नगर के समस्त पत्रकार गण एवं स्वयंसेवी संगठनों का भरपूर सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ है हम आप सभी के हृदय से आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम का संचालन एंव कमेंट्री भूषण निर्मलकर एंव डिंकू ने किया।

## एक नजर

### तिल्दा नेवरा में नल-जल योजना का बुरा हाल

**तिल्दा-नेवरा, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर की आबादी की रफ्तार ओर नल कनेक्शनों की बढ़ती संख्या तिल्दा नेवरा को प्यासा रख रही है। करीब बीस वर्षो से बनी पानी टंकी और स्टोरेज अब कम पड़ रहा है कारण विगत दस वर्षों में देखा जाए तो नलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। नगर में जल जीवन मिशन नाम मात्र का है प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी की महती योजना नगर पालिका परिषद की लापरवाही के चलते पानी सप्लाई में हर दिन परेशानी होती है। गर्मी आई नहीं की नल जल योजना का बुरा है हाल क्या प्रबंधकीय व्यस्था ठीक नहीं है सोमनाथ से एक ओर बड़े बड़े उद्योगों को पानी की आपूर्ति हो रही है तो तिल्दा नेवरा में नलों में जल क्यों नहीं। पालिका में पिछले पच्चीस वर्षों से बीजेपी को ही लोग पसंद करते है लेकिन जनता की समस्या सुने कौन। इस वक्त गर्मी शुरू हुई है नलों में पानी सप्लाई निरंतर कम होती है इसका जबाव दही आखिर कौन लेगा। सरकार और क्षेत्रीय विधायक मंत्री जी को जनता के पेयजल संकट के लिए समाधान खोजने की आवश्यकता है। ओर बढ़ती आबादी के अनुसार सोमनाथ एनीकेट से तिल्दा नेवरा में पानी सप्लाई में अन्य उपाय की आवश्यकता है जिसे जनता की मूल भूत आवश्यकता पानी की कमी दूर की जाए।

### 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 1 मार्च को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बनाकर उसे बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 8000 कीमत मूल्य का 20 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम शोभित बंजारे उम्र 35 साल निवासी ग्राम केसला थाना पलारी है।

### नया बस स्टैंड में मनीष ट्रेवल्स की बस में दुर्घटना

# आधी रात को अचानक लग गई आग, ड्राइवर ने कूद कर बचाई जान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दल्लीराजहरा, 2 मार्च।** रविवार की मध्यरात्रि लगभग 3:30 बजे नया बस स्टैंड में खड़ी मनीष ट्रेवल्स की बस अचानक आग लग गई देखते बस जलकर खाक हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस विभाग एवं दमकल विभाग को दी गई। घटना रविवार मध्यरात्रि मनीष ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 04 बीपी 6100 में आग लग गई, ड्राइवर बस के अंदर ही सोया हुआ था, ड्राइवर जलती बस से कूदकर अपनी जान बचाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष ट्रेवल्स की बस विवाह समारोह के लिये स्पेशल बुकिंग के आधार पर शनिवार की रात्रि दुर्ग से दल्लीराजहरा पहुंची जिसे अगले दिन सुबह निकलना था। आग लगने की वजह वास्तविक वजह अज्ञात है किंतु कयास लगाया जा रहा है कि एयर कंडीशनर बस होने के कारण शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। बस के आग लगने से आसपास के लोग जग गए और आग बुझाने के लिये दमकल विभाग को संपर्क किया गया, किंतु दमकल की गाड़ी में तकनीकि खराबी आ जाने के कारण समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया और बस जलकर खाक हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस में लगे काँच टूटकर दूर दूर तक छिट रहा था। स्थानीय लोगों द्वारा घर के पास से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया किंतु आग की लपट तेज होने व दूर तक फैल रहा था जिसके कारण आग बुझाने में लोगो को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

ज्ञात हो कि बस स्टैंड में रोजाना कई बसें रात्रि रुकती है जबकि इस रात्रि हिंदुस्तान पेट्रोलियम का टैंकर पास खड़ा था टैंकर सहित पास में खड़े बसों तक आग की लपटें पहुंच रही थी आग की लपटों को देखते ही पास खड़े टैंकर और बसों को तत्काल हटा लिया गया इस घटना से लोगो मे दहशत का माहौल बना हुआ था। परन्तु इस घटना से लोगो के सूझ बूझ और सक्रियता से बस के अलावा किसी भी प्रकार की जान माल की हानि नही हुई। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि रात्रिकालिन बस दुर्ग से दल्लीराजहरा पहुंची थी किंतु बस में आग लगने का कारण पता नही चल पाया, वर्तमान स्थिति को देखते हुए अंदाज लगाया जा रहा शार्ट सर्किट के कारण आग लगा होगा, आग वास्तव में शॉर्ट सर्किट से लगा है या असमाजिक तत्वों द्वारा लगाई गई है इसकी वास्तविक जानकारी का पता लगाया जा रहा।

## समाचार संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने किया आईएसबीएम यूनिवर्सिटी का भ्रमण




**छुरा, 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा के कक्षा एकादश विज्ञान संकाय के बच्चों को विज्ञान प्रायोगिक की जानकारी के लिए आईएसबीएम यूनिवर्सिटी ले जाया गया। जिसमें बच्चों को रसायन विज्ञान, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान और फोरेंसिक विज्ञान के बारे में बेसिक जानकारी सीखने को मिली। विज्ञान प्रदर्शनी का दौरा एक ऐसा अनुभव है, जहां आप वैज्ञानिक अवधारणाओं को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न इंटरैक्टिव प्रदर्शनों और परियोजनाओं का पता लगा सकते हैं, जिन्हें अक्सर छात्रों या शोधकर्ताओं द्वारा बनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जिज्ञासा जगाना, वैज्ञानिक प्रगति के बारे में शिक्षित करना और आपके आसपास की दुनिया की गहरी समझ को प्रोत्साहित करना है ; यह प्रत्यक्ष रूप से यह देखने का मौका है कि कैसे विज्ञान को विभिन्न क्षेत्रों में, जीव विज्ञान और भौतिकी से लेकर प्रौद्योगिकी और स्थिरता तक, व्यावहारिक प्रदर्शनों और स्पष्टीकरण के माध्यम से लागू किया जा सकता है।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने फाइलेरिया की दवा खाकर किया कर्मियों को प्रेरित





बालोद, 2 मार्च**(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत मोबाइल टीम द्वारा 28.02.2025 को जिला कलेक्टर ऑफिस मे श्री चंद्र कांत कौशिक सर अपर कलेक्टर, और जिला पंचायत मे डॉ. संजय कनौजे सर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला बालोद द्वारा स्ख की दवाई स्वयं खाकर अपने अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्माचारियों को खाने के लिए प्रेरित किया गया। फाईलेरिया उन्मूलन गतिविधियों में सामूहिक दवा सेवन अभियान दिनांक 27 से 02 मार्च को बुथ में तथा दिनांक 3 से 10 मार्च को घर-घर भ्रमण द्वारा एवं दिनांक 11 से 13 मार्च 2025 तक मॉप-अप राउण्ड में (सामुहिक दवा सेवन अभियान एवं कृमि मुक्ति कार्यक्रम) सम्पादित किया जा रहा है। फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु आयोजित होने वाले सामूहिक दवा सेवन (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि, फाइलेरिया रोग की गंभीरता को मीडिया सहयोगियों के माध्यम से जन-समुदाय में अधिक से अधिक प्रचारित किया जा सके जिससे लोग इस गंभीर बीमारी के बारे में सही और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकें और फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करके इस रोग से स्वयं और अपने परिवार को बचा सकें । बालोद जिले के (.मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) डॉ.एम.के.सूर्यवंशी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के कुल 924348 लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए फाइलेरिया रोधी दवाओं की निर्धारित खुराक, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुथ में और घर-घर जाकर, अपने सामने खिलाई जाएगी। दवाओं का वितरण बिलकुल भी नहीं किया जायेगा। इन दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है । 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाये नहीं खिलाई जाएगी। फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि इन दवाओ का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है परंतु और अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं, जोकि इन दवाओ के सेवन के उपरांत इन परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं । सामान्यतः ये लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते है परंतु ऐसी किसी भी परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात है और उन्हे तुरंत उपचार के लिए तुरंत बुलाया जा सकता है।

# महुआ शराब बनाकर बेचने वाले गिरफ्तार

- पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक लाख रुपये मूल्य की 525 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की
- महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल आने वाले एल्युमिनियम के बड़े बर्तन, प्लास्टिक डिब्बे, जलाऊ लकड़ी आदि भी बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 2 मार्च।** 1 मार्च को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम ने भारी मात्रा में महुआ शराब बनाकर उसे बिक्री करने के उद्देश्य से डम्प करने की सूचना पर ग्राम सुढेली में छापा मारा गया। इस दौरान अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर उसे बिक्री करने वाले 02 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। कि आरोपियों से 1, 05, 000 कीमत मूल्य का 525 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त करने में पुलिस टीम को सफलता मिली। पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण इलाके का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें अवैध रूप से महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल भारी मात्रा में एल्युमिनियम के बर्तन, प्लास्टिक डिब्बे, मिट्टी के बर्तन, जलाऊ लकड़ी आदि भी मिला, जिसे विधिवत जप्त किया गया है। कि प्रकरण में धारा 34(02) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम सोमदास भारद्वाज निवासी वार्ड क्रमांक 02 ग्राम सुढेली थाना सिटी कोतवाली, लोकनाथ कुर्रे निवासी ग्राम सुढेली थाना सिटी कोतवाली है।

### हायर सेकेण्डरी हिंदी की परीक्षा में कोई नकल नहीं

**बलौदाबाजार 2 मार्च।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिक्रेट परीक्षा 2025 की प्रथम विषय हिंदी 1 मार्च 2025 को जिले में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। किसी भी परीक्षा केंद्र में अनुचित साधनों के प्रयोग के प्रकरण नहीं मिले। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर सहित दल के सदस्य सोमेश्वर राव, सूरज कसार, आशा शुक्ला द्वारा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अमेरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पलारी, सेजेस रोहांसी, सेजेस ओडान का आकस्मिक निरक्षण किया गया जिसमे सभी स्कूलों में किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण नही पाया गया।

### ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान तिल्दा ने शहर में लगाया गया आध्यात्मिक ज्ञान कुंभ

# स्वयं की पहचान करने के बाद ही परमात्मा की होती है प्राप्ति : ब्रह्माकुमारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 2 मार्च।** तिल्दा शहर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारी तिल्दा द्वार सिंचाई कॉलोनी के शिव मंदिर प्रांगण में एक अनोखा आध्यात्मिक ज्ञान कुंभ प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस्मेन महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्यों का सभी श्रद्धालूओं को अर्थ विस्तार से समझा गया। स्वयं की पहचान दी गई है कि हम एक शरीर नहीं है आत्मा है और स्वयं की पहचान करने के बाद परमात्मा की सत्य पहचान प्राप्त की जा सकती है. जैसा हम आत्मा ज्योति बिंदु स्वरूप हैं वैसा ही परमपिता परमात्मा शिव भी निराकार ज्योति बिंदु स्वरूप हैं . सभी धर्मो के द्वार उसके निराकार ज्योति स्वरूप को अलग-अलग नाम से याद किया जाता है कोई उसे भगवान कहता है कोई अल्लाह कहता है कोई वाहेगुरु कहता है या कोई ईश्वर कहता है। यह सभी ने परमात्मा शिव के ही अलग-अलग नाम बताए हैं उसके बाद शिवरात्रि शब्द में रात्रि का प्रयोग करने का रहस्य समझा गया. यह रात्रि दिन या रात वाली रात्रि नहीं, अभी तू इस सृष्टि पर अज्ञान के अंधकार वाली रात्रि है. घोर कलयुग के समय ही अज्ञात के अंधकार के बीच में परमात्मा शिव धरती पर आकर के हम सबसे अपनी बुराइयों की आहुति मांगते हैं उसी की याद में शिव जी पर आज के दिन विशाल फल जैसे धतूरा अर्पित किये जाते हैं। सृष्टि के उत्पति पालन और पुरानी सृष्टि के विनाश करणे के निमित ही हम तीन पत्तों वाला बेलपत्र चढ़ाते हैं, और अज्ञान रूपी निद्रा से जगने वाले ही सच्ची जागरण मानते हैं. अपनी आत्मा में छुपी बुराई को ही शिव पर अर्पण करना यही सच्ची अर्थों में शिवरात्रि मनाना है. इसके लिए आध्यात्मिक योजना में एक हवन कुंड भी रखा गया था जिसमें हर आने वाले अपने अंदर की कोई भी एक बुरी को पेपर में लिखकर हवन कुंड में डाल देता था.



कार्यक्रम का उद्घाटन जिला राज्य मंत्री ग्रामीण अनिल अग्रवाल और नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष बहन चंद्रकला द्वार ब्रह्माकुमारी तिल्दा की प्रमुख बहन प्रियंका के सानिध्य में दीया प्रज्वलन करके सम्पन्न किया गया. अतिथियों ने संस्था के द्वार की जा रही जागृति फेलाने के प्रयासों की सराहना की और अपनी शुभ कामनाएं व्यक्त कीं. बीके प्रियंका ने संस्था में आध्यात्मिक ज्ञान शिविर का शुभारंभ होने की बात बताई जो 28 तारीख को सुबह 9:00 बजे से 10:00 बजे तक शुरू हो रहा है. दर्शन में स्पष्ट किया गया कि कैसे निराकार परमात्मा शिव ही सर्वश्रेष्ठ सत्ता है जिसके आगे देवी देवता भी नतमस्तक होते हैं जैसे राम के भी ईश्वर, रामेश्वर और कृष्ण के भी ईश्वर गोपेश्वर कहलाय. सत्य ही गीता शास्त्र में वर्णित श्लोकों के द्वार परमात्मा के ऊंचे धाम ऊंचे काम और उनके अवतार की जानकारी स्पष्ट की गई है।

## एक नजर

### फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**रायपुर, 2 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास और नव उद्यमिता के लिए अपार संभावनाओं से भरा राज्य है। यह राज्य वन, खनिज और ऊर्जा संसाधनों से समृद्ध है और बिजली उत्पादन में सरप्लस राज्यों में शामिल है। इन संसाधनों के चलते यहाँ उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। सरकार निवेशकों और नव उद्यमियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है, ताकि प्रदेश में आर्थिक विकास और रोजगार के नए अवसरों को प्रोत्साहित किया जा सके।उन्होंने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान यह बात कही।

### जरूरतमंद बच्चों को बांटी मिठाइयाँ



**रायपुर, 2 मार्च।** बहुमुखी कौशल विकास संस्था री इंडिया ने एनजीओ दिवस के अवसर पर अपने समस्त कर्मचारियों के साथ यह विशेष दिन मनाया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के बीच मिठाइयाँ वितरित कीं। संस्था के निर्देशक राजू राय ने जानकारी देते हुए बताया कि री इंडिया एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो पिछले तीन वर्षों से छत्तीसगढ़ में कार्यरत है। यह संस्था बहुमुखी कौशल विकास पर केंद्रित है और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। राजू राय ने कहा कि री इंडिया का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद तबके को सशक्त बनाना और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनके भविष्य को उवल बनाना है। इस अवसर पर संस्था के सभी कर्मचारी और बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए और एक प्रेरणादायक माहौल बना।

### पवन दीवान सम्मान समारोह 3 को

**रायपुर, 2 मार्च।** संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा संत कवि पवन दीवान श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह कल 3 मार्च सोमवार को संध्या 6:00 बजे विप्र भवन समता कॉलोनी में आयोजित किया गया है।



संत कवि पवन दीवान श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल (सांसद एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन) तथा रविंद्र चौबे (पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन) की अध्यक्षता में संपन्न होगा। सम्मान समारोह में ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का अभिनंदन भी किया जाएगा।

### समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**रायपुर, 2 मार्च।** भारत के प्रमुख टू-व्हीलर मैन्युफैक्चरर्स में से एक, प्योर ईवी ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों में स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर और टेलीमैटिक्स को एकीकृत करने के लिए जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की सहायक कंपनी जियो थिंग्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य उन्नत आईओटी समाधान, निर्बाध कनेक्टिविटी और समग्र डिजिटल एकीकरण का लाभ उठाकर उपयोगकर्ता अनुभव को फिर से परिभाषित करना है। प्योर ईवी अपने ईडब्ल्यू में जियोथिंग्स स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर्स का उपयोग करेगा, जिसमें एंड-टू-एंड आईओटी समाधान शामिल हैं, ताकि उनकी कार्यक्षमता और इन्टरएक्टिविटी को बढ़ाया जा सके।

# कुछ न कुछ बोलते रहो हम से... चुप रहोगे तो लोग सुन लेंगे...







छत्तीसगढ़ में 3 मार्च को वित्तमंत्री ओपी चौधरी बजट पेश करेंगे जाहिर है की छ्ग में आय बढ़ाने के लिये कुछ 'कर' बढ़ाने ही होंगे!भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र में महतारी वंदन योजना में महिलाओँ को एक हजार ? मासिक देना शुरू किया है साथ ही किसानों को धान का बढ़ा बोनस दिया जा रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य का हिस्सा देने बड़ी रकम लगेगी छग को 2047 तक विक सित राज्य बनाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट भी राज्य सरकार ने तैयार किया है, इसके तहत ही साल दर साल आगे बढ़ते जाना होगा इसी कड़ी के रूप में इस बार के बजट को भी देखना होगा, नई सरकार से जनता को कई उम्मीदें हैं।आर्थिक विकास की चिंता करना भी आर्थिक विकास का मूल लक्ष्य होता है, ऐसे में टैक्सेशन पर ध्यान देकर टैक्स को बढ़ाने वाले कदम की झलकियां बजट में देखने मिलेगी है!जन कल्याण कारी योजनाओं को सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक विकास जरूरी है, वहां से पैसा अर्जित करके गरीबों में बांटने की योजना बनानी होगी इसलिए स्पष्ट रोडमैप बजट में दिखाई दे सकता है।नई उद्योग नीति बनाकर अधिकाधिक युवाओं को रोजगार मुहैया कराना भी जरुरी है। कुल मिलाकर बजट में छ्ग के विकास के लिये संसाधन जुटाने 'करारोपण' बड़ा विकल्प दिखाई दे रहा है, मुफ्त रेवड़ी योजनाओं पर करदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की झलक बजट में दिखाई दे सकती है .!

### ब्राह्मण गृहमंत्री, कुंभ में अकेले तो जेल में सामूहिक स्नान..!


छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ब्राम्हण विजय शर्मा को आईजी, एसपी की मीटिंग में बुलाया नहीं जाता.!वे कभी नक्सलियों की मुठभेड़ में मारने वाले जवानों का मुँह मीठा कराने बस्तर के जंगल में पहुंच जाते हैं तो सीएम की नई राजधानी स्थित बंगले के गृहप्रवेश कार्यक्रम में नहीं जाते हैं?इस बार पूरा मंत्रिमंडल महाकुम्भ स्नान करने प्रयागराज गया पर, विजय पता नहीं क्यों नहीं गये थे .!बाद में साथियों के साथ



गंगा स्नान को गये थे और बहुत सा गंगाजल अपने जेल में बंद कैदियों के लिये भी लेकर आये थे, कई जेलों में उनके भेजे गंगाजल मिलाकर कैदियों ने स्नान किया, कितना अच्छा होता कि रायपुर जेल में कभी बंद रहे भाई विजय शर्मा, जेल डीजी हिमांशु गुप्ता बंदियों के साथ स्नान करते वैसे होली में भी वे किसी जेल में बंदियों के साथ रंग स्नान तो कर ही सकते हैं।छ्ग में महाकुंभ के गंगा जल से कैदियों ने स्नान किया। रायपुर से लेकर रायगढ़ के सभी जिलों में जेल में हर हर गंगे और हर हर महादेव का जयकारा गूंजता रहा, रायपुर के केंद्रीय जेल में भी एक अनोखा नजारा देखने मिला।कैदियों के लिये महाकुंभ से लाए गए पवित्र संगम जल से स्नान की विशेष व्यवस्था कीगई।विशेष अवसर पर छ्ग के 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल, 8 उप-जेल के कैदियों ने सुबह 8 बजे गंगाजल से अमृत स्नान किया। जेल प्रशासन के आयोजन में कैदियों को धर्म, अध्यात्म, सनातन संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया। गंगाजल, गृह एवं जेल मंत्री विजय शर्मा द्वारा हाल ही में महाकुंभ से कैदियों के लिए लाया गया था, जेल परिसर में विशेष रूप से टैंक और कुंड बनाए गए।विधिवत पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार के साथ गंगा नदी का पवित्र जल भरा गया। इन कुंडों में गुलाब की पंखुड़ियां भी डाली गईं, वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया, स्नान के दौरान कैदियों ने हर-हर गंगे के जयघोष किए, धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत माहौल बना रहा।नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने कैदियों के गंगा स्नान पर तंज कसा, उन्होंने कहा कि हमने भी गंगाजल मंगा कर घर में ही स्नान किया। ऐसा माना जाता है कि गंगाजल से स्नान करने से पाप धुल जाता है।हमारा पाप तो धुल गया। अब रजिस्टर्ड कैदियों का पाप भी धुल गया हो तो उन्हें छोड़ने पर छ्ग सरकार को विचार करना चाहिये !

### सीडी स्कैण्डल की 7 साल बाद सुनवाई शुरू...

करीब 7 साल से छ्ग सीडी स्कैंडल की सुनवाई रुकी हुई थी। 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद केस को दिल्ली में चलाने अपील की थी, अपील भी अदालत में विचाराधीन रही।





इसी कारण से निर्णय नहीं हुआ कि सुनवाई कहाँ होगी पिछले माह दिल्ली की अदालत ने फैसला सुनाया कि सुनवाई रायपुर की स्पेशल कोर्ट में ही होगी।सेक्स सीडी स्कैंडल मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने अदालत में हाजिरी दी। इस पर सुनवाई अब 4 मार्च तक आगे बढ़ाई गई है।भूपेश सरकार में मीडिया सलाह कार विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका समेत अन्य भी कोर्ट में पेश हुए। केस में एक रिंकू खनूजा की मौत हो गई है। कोर्ट ने सीडी कांड मामले में 4को समन जारी किया था।

### राजिम कुंभ कल्प से बृजमोहन क्यों रहे दूर-दूर...

राजिम मेला को कुम्भ, कुम्भ की शक्ल देकर देश विदेश में छ्ग को नई पहचान दिलाने वाले पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के बारे में कहा जाता था कि कभी कॉग्रस की सरकार बनेगी तो भी राजिम कुम्भ की व्यवस्था का जिम्मा मोहन भैया को ही मिलेगा? खैर मोहन भैया अब सांसद हैं, उन्हीं की पार्टी की छ्ग में सरकार है, इस बार राजिम कुम्भ कल्प 25 भी किसी तरह निपट गया पर भाई बृजमोहन समापन में भी नहीं दिखे क्यों क्या वे अपनी उपेक्षा से दुखी हैं, वे खुद दूरी बनाकर क्यों चल रहे हैं .!

### और अब बस...

- विपक्षी नेताओं के घर पहुंचने वाली ईडी कांग्रेस भवन तक पहुंच गई है.?
- छग विस में अपनी ही पार्टी की सरकार के मंत्रियों को वरिष्ठ विधायक क्यों घेर रहे है.?
- रायपुर की दूसरी महिला मेयर मीनल चौबे ने काम सम्हाल लिया है।

पुतला दहन



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आज कांग्रेसजनों ने ईडी व भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर ईडी का पुतला दहन किया।

## कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति ने अहित ही किया : भाजपा

**रायपुर, 2 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने अम्बिकापुर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मंजूषा भगत के नगर निगम दफ्तर के गंगाजल से शुद्धिकरण संबंधी बयान को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे अनर्गल प्रलाप को कांग्रेस की बौखलाहट बताते हुए कहा है कि महापौर श्रीमती भगत ने जब यह कहा कि वह पहली हिन्दू महापौर हैं, तो कांग्रेस इस पर बवाल मचा रही है। दरअसल कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण सदैव से जनजातीय समाज का अहित हुआ है। इसलिए जनजातीय समाज अब चाहता है कि डीलिस्टिंग हो।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सिंहदेव ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जो जनजातीय और अल्पसंख्यक समाज, दोनों का गलत तरीके से लाभ लेते आ रहे हैं। इससे जनजातीय समाज में काफी आक्रोश है। डीलिस्टिंग की आवाज को कांग्रेस अब दबा नहीं सकती। सरगुजा का जनजाति समाज अपने सांस्कृतिक, धार्मिक एवं प्रगति के अधिकार को लेकर सजग है। सिंहदेव ने कहा कि सत्ता पर अपना ही एकाधिकार मानने वाली कांग्रेस के लोग अपनी करारी हार की खिसियाहट में गंगाजल से शुद्धिकरण की बात को लेकर अब खम्भा नोचने में लगे हुए हैं। जिन कांग्रेसियों को राम के अस्तित्व, राम के मंदिर, सनातन संस्कृति और महाकुम्भ के दिव्य आयोजन तक से तकलीफ होती है, उन कांग्रेसियों को यह बात कभी समझ ही नहीं आएगी कि गंगाजल, गौमूत्र, गोबर सनातन परंपरा के अनुष्ठानों के मूल में है, इस समझ के लिए उन्हें हिन्दू पूजा पद्धति को समझना होगा। सिंहदेव ने कहा कि अपनी करारी हार को विनम्रता से स्वीकार करने के बजाय कांग्रेस अपने सत्तावादी अहंकार में जनादेश का घोर अपमान करते हुए अब महापौर श्रीमती भगत के बयान को साम्प्रदायिक रंग देकर अपने तुष्टीकरण के एजेंडे पर चल रही है।

## जय व्यापार पैनल को अब तक कुल 64 व्यापारी संगठनों का समर्थन

**रायपुर, 2 मार्च।** जय व्यापार पैनल से जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव एवं परमानन्द जैन ने बताया कि व्यापारिक हितों की रक्षा और सशक्त व्यापारिक माहौल बनाने के लिए जय व्यापार पैनल को लगातार अपार समर्थन मिल रहा है। आज 11 और व्यापारी संघों ने जय व्यापार पैनल को अपना समर्थन व्यक्त किया, जिससे अब तक कुल 64 संगठनों ने इस पैनल पर भरोसा जताया है। व्यापारी संगठनों ने जय व्यापार पैनल की पारदर्शी कार्यशैली, व्यापारिक समस्याओं के समाधान और व्यापारियों के हित में किए गए सकारात्मक प्रयासों की सराहना की है। पैनल के नेतृत्व में व्यापारियों को उचित सम्मान, सहयोग और सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, जिससे समूचे व्यापारिक समुदाय में विश्वास का माहौल बना है। जय व्यापार पैनल के पदाधिकारियों ने इस ऐतिहासिक समर्थन के लिए सभी व्यापारी संगठनों का आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि पैनल हमेशा व्यापारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा। व्यापारिक विकास, समस्या समाधान और नए अवसरों के सृजन की दिशा में यह पैनल निरंतर कार्यरत रहेगा।



**मनमोहन मुख्य चुनाव संचालक नियुक्तः** जय व्यापार पैनल से जितेन्द्र दोशी एवं विक्रम सिंहदेव ने बताया कि आज छत्तीसगढ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड़ इण्ड़स्ट्रीज 2025 के चुनाव हेतु जय व्यापार पैनल ने मुख्य चुनाव संचालक मनमोहन अग्रवाल को नियुक्त किया है। साथ ही चुनाव सह संचालक की नियुक्ति भी की हैं। जय व्यापार पैनल ने मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली को पत्र जारी कर जय व्यापार पैनल के मुख्य चुनाव संचालक एवं सह संचालक की जानकारी दी। जय व्यापार पैनल से पत्राचार करने हेतु पैनल के मुख्य चुनाव संचलाक एवं सह संचालक है। नरेन्द्र दुग्गड - चुनाव सह संचालक, गार्गी शंकर मिश्रा - चुनाव सह संचालक, विनय बजाज - चुनाव सह संचालक, कैलाश खेमानी - चुनाव सह संचालक।

# छनक उठी पायल की खामोश जिंदगी

## जिंदगी ना मिलेगी दुबारा संस्था ने कराया गरीब कन्या का विवाह

**रायपुर, 2 मार्च।** जिंदगी भले ही दुबारा न मिले किंतु बेरंग व रूठी हुई जिंदगी में खुशियों के रंग तो भरे ही जा सकते हैं। 'जिंदगी ना मिलेगी दुबारा' यह संस्था का नाम है और यह संस्था जिंदगी दुबारा नहीं मिलेगी के चिंतन को ध्यान में रखकर जनसेवा का पुण्य काम कर रही है। यह संस्था संदेश दे रही है कि ये जिंदगी अब दुबारा नहीं मिलने वाली लिहाजा अच्छे कर्म, परोपकार और सेवा करके इस जिंदगी के कैनवास में कर्मों की तुलिका से खूबसूरत तस्वीर बना लो। जिंदगी ना मिलेगी दुबारा संस्था ने संस्थापक श्रीमती सुषमा तिवारी की अगुवाई, परोपकारी लोगों तथा संस्था के सदस्यों के सहयोग से जरूरतमंदों की चिंता को दूर करने का बीड़ा उठाया है। हाल ही में एक अति निर्धन परिवार की बिटिया की सप्तपदी कराकर संस्था ने परिवार के सदस्यों के माथे पर खींच आई चिंता की लकीरों को मिटा दिया है। सुषमा कहतीं हैं कि हमने तो कुछ नहीं किया है यह तो कन्या के भाग्य में लिखा हुआ था। हम सब ने तो बस मानवता का कर्तव्य पूरा किया है और मानव धर्म निभाया है। बदनसीबी के गर्भ से जन्म लेकर अभावों की खाई में पली-बढ़ी पायल का साथ मां की ममता ने पहले छोड़ दिया था। मां का स्वर्गवास हो गया और पिता का रहना नहीं रहने के बराबर था। पायल की एक बड़ी व छोटी बहन भी है। मां के देवलोक गमन के बाद तीनों बहनें अलग-अलग चाचा के यहां रहने लगीं थी। बड़ी बहन की शादी पहले ही हो चुकी है। पायल व उनकी दोनों बहनों की परवरिश में आर्थिक संकट हमेशा बाधा बनकर खड़ी रही। लिहाजा शिक्षा की गाड़ी भी आगे नहीं बढ़ पाई। यानी सब तरफ अंधेरा और सारे रास्ते बंद। कहते हैं न देर है पर



अंधेर नहीं। जरूरतमंदों व साफ दिल वालों के लिए ईश्वर किसी न किसी माध्यम से खुशियों के गुप्त द्वार खोल देता है। भगवान ने इस बार जिंदगी न मिलेगी दोबारा संस्था को अपना माध्यम बनाया। देवी-देवताओं के खेल को भला कोई समझ पाया है। भगवान को जब काम बनाना होता है न तो संयोग का मायाजाल बुनकर सूत्रों को जोड़ देता है। बेमेतरा के पास कांपा की रहने वाली पायल तिवारी की एक रिश्तेदार की सुषमा तिवारी से भेंट हुई। रिश्तेदार ने सुषमा के समक्ष पायल की शादी को लेकर चिंता प्रकट करते हुए गरीबी का हवाला दिया। सुषमा ने उसके जख्म पर भरोसे का मलहम लगाते हुए सोशल मीडिया पर एक अपील जारी की कि माता-पिता विहीन एक गरीब कन्या के लिए ऐसा वर चाहिए जो उसे एक साड़ी में विदा कर ले जाए। अपील रामबाण दवा का काम किया। सुषमा के पास सौ से अधिक लोगों के फोन आए। इनमें से महासमुंद जिला के एक युवक का चयन पायल के लिए किया गया। युवक शिक्षा विभाग में कार्यरत है। शिव विहार कालोनी, अमलेश्वर में पायल की धूमधाम से शादी सम्पन्न हुई। बारातियों के भोजन की व्यवस्था अजय शुक्ला ने की। संस्था के सदस्यों ने उपहार में नगद के अलावा टीवी, पलंग, वाशिंग मशीन, सोफा सेट, बर्तन, सोने-चांदी के जेवर, गृहस्थी की सामग्रियां, कपड़े, आलमारी आदि वस्तुएं दी। पायल की पेटी में नगद पांच हजार डाला गया। संस्था ने पायल की शादी अपनी बेटी की तरह की। जब उसकी विदाई हो रही थी तो सबकी आंखें गीली हो गई थी। दुल्हन के रूप में पायल को देखकर उसके परिजन प्रसन्न थे। पायल के माथे की बिंदिया इतरा रही थी तो मांग का सिंदूर गर्व से दमक रहा था। और सुषमा... सुषमा तो पायल की मां बनकर आशीर्वाद दिए जा रही थी।

यहां यह बताना लाजिमी होगा कि यह संस्था गायों को चारा खिलाने, पानी के लिए कोटना की व्यवस्था, प्याऊ घर खोलने, कंबल-कपड़े बांटने, दिव्यांग बच्चों को मदद करने सहित ऐसे ढेरों काम करती है। इतना ही नहीं बीमारों को मेडिकल पलंग, बैशाखी, वॉकर, व्हीलचेयर, ऑक्सीजन मशीन, हवा वाले गद्दे आदि भी उपलब्ध कराती है वह भी मुफ्त। इसके लिए संस्था के अजय शर्मा ने अपने मकान को गोदाम के लिए दे दिया है। वास्तव में नेकी से शांति के द्वार खुलते हैं। किसी ने सच ही लिखा है 'जिसका कोई नहीं उसका तो खुदा है यारों' और खुदा तो जिंदगी ना मलेगी दोबारा के रूप में आकर मदद करते हैं।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26